हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

10 महिला दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



11 धोबी समाज ने मनाया धोबिन दाई और गाडगे महाराज की जयंती





## खबर संक्षेप

### धर्मांतरण को लेकर पुलिस में शिकायत



**भिलाई।** धर्मांतरण को लेकर फिर बवाल हुआ। रविवार को करहीडीह बस्ती में रहने वाले ठाकुर परिवार के यहां प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। जैसे ही इसकी जानकारी बजरंग दल के लोगों को हुई, उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। विश्व मिली जानकारी के मुताबिक करहीडीह बस्ती में उषा ठाकुर, किशोर ठाकुर के घर में रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ था। वहां करीब 40-50 लोग मौजूद थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ये लोग काफी लंबे समय से इसी तरह अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन करते हैं और गरीब असहाय लोगों पर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाते हैं। बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। उन्होंने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की ही। पुलिस का कहना है कि वो प्रार्थना सभा में मौजूद लोगों से बयान लेंगे, यदि इस तरह की कोई बात या शिकायत आई तो वो ऐसा करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करेगी। इस दौरान सुनील वैष्णव, सौरभ समेत बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चहेतों को काम दिलाने 8 करोड़ के कामों की नियमों को ताक पर रखकर दी मंजूरी

# डीएमएफ के कामों का बंदरबांट महापौर परिषद ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम में चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने के नाम पर बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। खनिज न्यास मद से करीब 8 करोड़ के काम होने हैं। इन कामों की स्वीकृति न ही महापौर परिषद की बैठक में ली गई, न ही प्रस्ताव सामान्य सभा में लाया गया। सीधे एमआईसी से स्वीकृति की प्रत्याशा में टेंडर जारी कर दिया। सोमवार को भिलाई निगम की महापौर परिषद की बैठक में यह मामला सामने आया। इस पर महापौर नीरज पाल सहित अन्य एमआईसी मेंबर्स ने आपत्ति की। उन्होंने इसे लेकर नियम-शर्तों की जानकारी चाही, लेकिन निगम के अधिकारी-कर्मचारी इस बारे में सही जानकारी नहीं दे सके। इस पर महापौर परिषद ने शहर विकास से जुड़ा काम होने की बात कहते हुए नियम-शर्तों की सही जानकारी उपलब्ध कराए जाने के आधार पर प्रस्ताव लौटा दिया गया है। हालांकि इस मामले के खुलासे के बाद निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। उन पर आरोप लग रहे हैं कि सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर अपने चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने के उद्देश्य से नियम-शर्तों की अनदेखी की गई। एमआईसी में 8 प्रस्तावों को चर्चा के लिए लाया गया, जिन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति और अस्वीकृति प्रदान की गई।

### एमआईसी की बैठक में उठा मुद्दा



### एमआईसी को 4 करोड़ तक की स्वीकृति का अधिकार

नगर पालिक निगम एक्ट 1956 के मुताबिक 3 लाख से अधिक आबादी वाले निगम में करीब डेढ़ करोड़ से 4 करोड़ रुपए तक के कामों की स्वीकृति का अधिकार महापौर परिषद को है। इसके ऊपर के कामों के लिए सामान्य सभा को अधिकार प्राप्त है, लेकिन अधिकारियों ने आयुक्त से स्वीकृति प्राप्त कर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी। बता दें कि जीई रोड के समीप प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 8 करोड़ की लागत से स्पोट्स परिसर बनना है, जो पुरी तरह से आधुनिक होगा, 400 लोगों के बैठने लायक ऑडिटोरियम, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि का निर्माण होना है। बैठक में एमआईसी मेंबर सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे सहित अन्य मौजूद थे।

### खुले मैदान को किराए पर देने समिति गठित

बैठक में पावर हाउस बस स्टैण्ड भवन को श्रम विभाग के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं नंदिनी रोड केन्द्र को किराए पर देने एवं जोन क्रं. 02 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 22 कुरूद ढांचा भवन स्थित खाली मैदान को किराये पर दिए जाने हेतु दर निर्धारण करने के प्रस्ताव को महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया। इस पर सलाहकार समिति के माध्यम से आगामी महापौर परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखे जाने निर्णय लिया गया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विषय पर भी चर्चा की गई, जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश महापौर परिषद ने दिए।

### 8 करोड़ से बनना है स्वीमिंग पूल हार्स राइडिंग ट्रैक और स्केटिंग ग्राउंड

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयासों से प्रियदर्शनी परिसर में रिक्त स्थान पर 8 करोड़ रुपए की लागत से स्वीमिंग पूल, हार्स राइडिंग ट्रैक और स्केटिंग ग्राउंड का निर्माण किया जाना है। खनिज न्याज मद से तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने 4.92 करोड़ से स्वीमिंग पूल, 1.07 करोड़ से हार्स राइडिंग ट्रैक, 2 करोड़ से स्केटिंग ग्राउंड के लिए राशि स्वीकृत की थी। इन कामों के लिए जिला प्रशासन ने एजेंसी के रूप में नगर निगम भिलाई को अधिकृत किया है, लेकिन भिलाई में कामों को लेकर सारे नियम-कायदों को ताक पर रखा गया। मनमाने ढंग से टेंडर की प्रक्रिया कर दी गई। इतना ही नहीं इस पूरे मामले में लीपापोती का भी प्रयास किया गया। निगम ने दो बार प्रेस विज्ञप्ति जारी की, पहली विज्ञप्ति में इस पूरे मामले को छिपाने का प्रयास किया गया।

### शहर में लगेंगे 40 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइट पोल, होगा मेंटेनेंस

एमआईसी ने शहर में 40800 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट पोल के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। प्रति एलईडी लाइट संधारण में 491.38 पैसा प्रति टाइमर स्वीच, सीसीएमएस संधारण में राशि 12072.50 तथा प्रति नग रनिंग मीटर केबल बदलने में राशि 244.15 व्यय का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा रोटरी क्लब भिलाई द्वारा महिला पिंक टायलेट निःशुल्क निर्माण करने का प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। शौचालय महिलाओं के लिए निशुल्क रहेगा। बैठक में जोन 3 एवं शिवनाथ विस्तार योजना के मध्य स्थित भूमि के आवंटन के संबंध में उच्च न्यायालय के पारित आदेशानुसार कार्यवाही की जानकारी दी गई। बताया गया कि निगम अधिवक्ता से अभिमत लिया गया है, जिसमें अधिवक्ता के अभिमत अनुसार मोहर्रम कर्बला समिति भिलाई के द्वारा प्रस्तुत भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तुत आवेदन पूर्णतः विधि विरुद्ध होने के कारण आवेदन को निरस्त किये जाने हेतु सलाह दी गई है। साथ में यह अभिमत दिया गया है कि नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जनकल्याणकारी लाभकारी योजनाओ के अंतर्गत भूमि का उपयोग किये जाने का उल्लेख किया गया है। अधिवक्ता के सलाह को महापौर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

## कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** कार की ठोकर से बाइक सवार बीएसपी कर्मी की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि बीएसपी कर्मी संतराम ठाकुर 13 मार्च की दोपहर अपने बाइक से बीएसपी नंदनी मांईस ड्यूटी गया था। ड्यूटी से अपने घर उरला वापस आ रहा था। विनायक राईस मिल ग्राम करंजा भिलाई के पास दुर्ग से धमधा मेन रोड पर तेज रफ्तार से एक कार आ रही थी जिसका चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया। हादसे में संतराम ठाकुर को गंभीर रुप से घायल होने पर उसे अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## उद्यमियों का निर्यात कर पर आक्रोश, आयुक्त से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति जेपी गुप्ता, करमजीत बेदी और संदीप अग्रवाल ने नगर निगम भिलाई के आयुक्त से मिलकर उद्योगपतियों के निर्यात कर पर रोक लगाने की मांग की है।

औद्योगिक क्षेत्र में सभी उद्योगपतियों को नोटिस थमाकर निर्यातकर वो पिछले कई वर्षों का बकाया कर पटाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया है कि गई कि देश मे यह निर्यात कर किसी भी निगम द्वारा नही लिया जाता,सिर्फ भिलाई में क्यों लिया जा रहा है। जब व्यापारी जीएसटी टेक्स दे रहा फिर ये नए टैक्स क्यों दें। उद्योगपतियों द्वारा रोष व्यक्त करते हुए निर्यातकर पर रोक लगाने की मांग की। आयुक्त ने इस विषय पर विचार करने की बात कही है।

## तालपुरी के मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, एक टैंकर पानी लगा

मकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक तालपुरी कॉलोनी के बी-ब्लॉक में सोमवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। उक्त मकान संजय बहादुर का है। आग लगने से कॉलोनी में भगदड़ मच गई। आग दूसरे फ्लैट में न फैले इसके लिए लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। बाल्टी पानी सप्लाई वाले पाइप से आग को बुझाने का प्रयास किया मर आग नहीं बुझ पाया। भिलाई नगर पुलिस ने अग्निशमन विभाग दुर्ग को फोन किया। टीम मौके पर पहुंची एक दमकल वाहन की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने आग को दूसरे फ्लैट में बढ़ने से रोका और समय रहते आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसका तो पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। धीरे-धीरे वो पूरे कमरे में फैल गई। जब कमरे से धुंआ निकला तब घर वालों ने उस पर ध्यान दिया। दमकल टीम के घनश्याम यादव के नेतृत्व में फायरमैन रामनाथ कुर्रे, टिकेन्द्र कुमार, धनऊ, संतोष मौजूद थे। उन्होंने बताया कि आग घर के भीतर लगी थी। आग लगातार फैल रही थी, आग को दूसरी तरफ बढ़ने से रोका।

### गैंगस्टर जोश को मुंगेर से दिलाया था हथियार

# पिस्टल दिलाने वाले का महादेव सट्टा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल दिलाने वाला रुआबांधा रिसाली निवासी अपराधी प्रखर चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कई अह्म सुराग हाथ लगे है। प्रखर चंद्राकर को लेकर खुलासा हुआ है कि इसका कनेक्शन महादेव सट्टे से है। अब पुलिस इससे जुड़े लोगों की जानकारी खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रखर चंद्राकर अमित जोश के जेल से छुटकर आने के बाद इसके संपर्क में आया है। लेकिन अमित जोश और उसका जीजा प्रखर से रंगदारी का डिमांड करने लगे। विवाद के बाद प्रखर चंद्राकर को अमित जोश और उसका जीजा सेक्टर 5 मकान में ले जाकर जमकर पिटाई की थी। इसके बाद आरोपी प्रखर चंद्राकर ने मुंगेर से पिस्टल खरीदकर अमित जोश को दिया था। अपने को बचाने के लिए मुकुल सोना, रौशन स्टारलीन के गैंग में जुड़ गया। आरोपी प्रखर उन्हें भी रुपए पैसे देकर खुश किया करता था। इस तरह प्रखर चंद्राकर अपना नेटवर्क बढ़ाते हुए ऑनलाइन महादेव सट्टा से जुड़ गया। पुलिस पूछताछ में इससे जुड़े कारोबारियों का नाम उसने पुलिस को बताया दिया है। अब उनके खिलाफ पुलिस जांच शुरु कर दिया है। बताया तो यह भी जा रहा है आरोपी प्रखर चंद्रकार कई महंगे कार, सोना चांदी के जेवरात भी खरीदा है। इसके अलावा इसके बैंक खातों को खंगालने पर पुलिस को बड़ा क्लू मिल सकता है।

### प्रखर के बैंक खातों को भी खंगालने की तैयारी में पुलिस



गैंगस्टर जोश को पिस्टल दिलाने वाला बीएसपी कर्मी और भाजपा नेत्री का पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि लगातार

### पुलिस को मिला बड़ा सुराग , जल्द होगा बड़ा खुलासा

### मुंगेर से खरीदी थी पिस्टल

प्रखर मामले में पुलिस जांच कर रही है। गैंगस्टर को मुंगेर से संदिग्ध पिस्टल खरीद कर दिया। आरोपी को लेकर कई जानकारी पुलिस के हाथ लगी है।पुलिस बारिकी से जांच कर इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई करेगी।

-सत्य प्रकाश तिवारी,
सीएसपी भिलाई नगर

### कारोबारी ने चुनाव में खर्च किए ढाई करोड़

मिली जानकारी के मुताबिक हाल ही में हुए निकाय चुनाव में कारोबारी ने ढाई करोड़ रुपए खर्च कर दिया। कारोबारी महादेव सट्टा मामले में पुलिस रिकार्ड में फरार है। जिसका कार्यालय अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में है। पुलिस के खौफ के बिना शहर में घूमता हुआ आसानी से देखा जा सकता है। जामुल पुलिस ने वर्ष 2022 में महादेव सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी जिसमें सिर्फ चेतन जोशी को पकड़ा गया था। उसके बाद से रिकार्ड में फरारी कारोबारी धर्मेन्द्र जायसवाल समेत अन्य लोग है। इसमें 15 लोगों को नाम और जुड़ा है। जबकि धर्मेन्द्र जायसवाल शहर में ही घूमता दिखता है। पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 20 मार्च के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### दल ने किया 22 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

दुर्ग। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 10वीं परीक्षा 2025 के अंतर्गत 17 मार्च को आयोजित सामाजिक विज्ञान 300 विषय पेपर के दौरान जिले के 05 उड़नदस्ता दल द्वारा 22 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार अरविन्द कुमार मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सेजेस अमलेश्वर, सांकरा, पाहंदा, सेजस जामगांव एम शामिल है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा केन्द्रीय कृत परीक्षा 2025 कक्षा 05वीं के विभिन्न केन्द्रों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसी तरह तनवीर अकील सहायक संचालक प्रभारी अधिकारी दुर्ग द्वारा 7 परीक्षा केन्द्र खपरी, सेजेस खम्हरिया, बेलौदी, उरला, बोरसी, धनोरा, पुरई शामिल है। गोविंद साव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा 03 परीक्षा केन्द्र जेआरडी दुर्ग, खपरी, जेवरा सिरसा शामिल है। प्रदीप कुमार महिलांगे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन द्वारा 6 परीक्षा केन्द्र शाउमावि कन्या सेलूद, सेजस सेलूद, देवादा, तेलीगुण्डरा, सेजस मर्रा, कानाकोट तथा कैलाश साहू विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा द्वारा 02 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें अहेरी, सेजेस नंदिनी खुंदनी शामिल है।

### शहर में भक्तिमय प्रभात फेरी निकाली गई



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के युवा सेवा संघ और बालसंस्कार विभाग द्वारा चैत माह की भक्तिमय प्रभात फेरी शंकर नगर से निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7.30 से शंकर नगर से जय श्री राम का जय घोष करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति मय भगवान नाम का वातावरण बनाना। जिससे सभी को लाभ मिले। युवा सेवा संघ ने बताया कि 24 मार्च को संतश्री आसाराम बापू के गुरु साईं श्री लीलाशाह का प्राकट्य दिवस बेलौदी आश्रम के अलावा सभी अपने अपने क्षेत्र में धूमधाम से मनाएंगे। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### पाहंदा में एक दिवसीय प्रशिक्षण 19 मार्च को

दुर्ग। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ में औषधीय, सुगंधित एवं मसाला फसलों धनिया, हल्दी पर 18 मार्च को होने वाला एक दिवसीय प्रशिक्षण अब 19 मार्च 2025 बुधवार को आयोजित है। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में इच्छुक किसान कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर अजवाईन, धनिया एवं हल्दी का जीवन्त प्रदर्शन भी देखने को मिलेगा। अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### मिनीमाता की जंयती मनाई गई

दुर्ग। जिला मिनी माता महिला संगठन द्वारा प्रथम महिला समाज सेविका ममतामयी माता मिनी माता की 112 वीं जयंती मनाई गयी। पुलगांव चौक स्थित मिनी माता की मूर्ति पर जिला संयोजक रामजोशी द्वारा माल्यापर्ण कर जयंती पर शत शत नमन किया गया। कार्यक्रम में कोमल सिंह, फिरोज, निरूपमा बाई, देशलहरे, कौशल्या बाई, निर्मला टण्डन, मीना बारले आदि सतनामी समाज के महिला व पुरूष उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मिनीमाता महिला संगठन के जिला संयोजक रामजोशी ने दी है।

### विस अध्यक्ष से मिले दिलीप, दी होली की बधाई

दुर्ग। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के शंकर नगर स्थित कार्यालय में



केंद्रीय गोंडवाना समाज धमधागढ़ के महासचिव नीलकंठ गढ़े, मीडिया प्रभारी सीताराम ठाकुर, जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा डॉ सिंह को को होली की बधाई दी।

# आठ हजार प्रकरणों को सुलझाने गर्मी में अफसर बहाएंगे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के निर्देश पर अब लंबित राजस्व प्रकरणों को सुलझाने गर्मी में अफसर राजस्व महकमा पसीना बहाएंगा। पिछले डेढ साल से देखे तो राजस्व के लंबित प्रकरण जस के तस हैं। इन प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारी व कर्मचारी गांव गांव शिविर के जरिए लोगों की सुनवाई करेगें।

जिले के प्रत्येक ग्राम में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम तिथि अप्रैल माह में 7 से 21 अप्रैल 2025, मई माह में 13 से 27 मई एवं जून माह में 16 जून से 30 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। शिविर में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लोक सेवाओं की अदायगी हेतु समय-सीमा में कार्यवाही। अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाग के समय-सीमा के बाहर प्रकरणों का 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत निराकरण। सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई का समय सीमा से बाहर प्रकरणों का भी पूर्ण निराकरण करना। विवादित नामंतरण, विवादित खाता विभाग के समय सीमा के बाहर के प्रकरणों की त्वरित सुनवाई 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत निराकरण करना। धारा-115 अंतर्गत अभिलेख त्रुटि हेतु आवेदन प्राप्त कर 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत निराकरण करना। सभी राजस्व न्यायालय में शून्य आदेश पत्र वाले प्रकरणों में 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत निराकरण करना। सभी राजस्व न्यायालय में दर्ज ऐसे प्रकरण जिनकी पेशी तिथि अद्यतन नहीं है, शत-प्रतिशत पेशी तिथि अद्यतन करने के निर्देश दिए गए है। वहीं जनहानि-पशुहानि फसल क्षति से संबंधी आर.बी.सी. 6-4 के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करना। अधीनस्त टेबल का निराकरण कर निरीक्षण प्रतिवेदन 30 अप्रैल 2025 तक कलेक्टर को उपलब्ध करना। धारा-115 के आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अकारण की गई त्रुटियों के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए 30 अप्रैल 2025 तक अनुशासनात्मक कार्यवाही करना।

## पिछले डेढ़ साल से राजस्व प्रकरण जस के तस, नहीं हो रही सुनवाई

### कोटवारी जमीन की भी होगी पडताल

स्वामित्व योजना अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त मैप-02 का 30 अप्रैल 2025 तक प्रारंभिक प्रकाशन करना। कोटवारों द्वारा विक्रय की गई कोटवारी, सेवाभूमि के विरूद्ध 30 अप्रैल 2025 तक समूचित कार्यवाही करना। अभिलेख शुद्धता अंतर्गत 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत निराकरण करना। नक्शा बटांकन अंतर्गत अप्रैल माह में प्रत्येक तहसील में 5 प्रतिशत की प्रगति। भूमिस्वामी के खातों में आधार, मोबाईल नंबर किसान किताब एवं जेण्डर की प्रविष्टि 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत करना होगा।

### बंटवारा, नामांतरण और रिकार्ड होगें दुरूस्त

शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसे-फौती, नामांतरण एवं बटवारा अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड पर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड पर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिली कराना एवं 30 अप्रैल 2025 तक निराकरण करना। आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आदेवनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण करना। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उन पर कार्यवाही की जानकारी प्रत्येक दिवस उपलब्ध कराना है।

## गठन : महापौर ने घोषित की एमआईसी सदस्यों के नाम

# पीडब्ल्यूडी संभालेंगे देवनारायण नरेन्द्र को कोष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शपथ ग्रहण और सभापति के चुनाव के लंबे इंतजार के बाद आखिर महापौर अल्का बाघमार ने अपनी टीम तैयार कर ली हैं। एमआईसी में मलाईदार विभाग पीडब्ल्यूडी का जिम्मा देवनारायण चंद्राकर को दिया गया हैं, वही कोष संभालने की जिम्मेदारी नरेन्द्र बंजारे को दी गई है। इसके आलावा एमआईसी में नए चेहरे को भी शामिल किया गया हैं। एमआईसी गठन के बाद आगामी दिनों निगम के कामकाज में तेजी आएगी।

महापौर ने एमआईसी में पुराने पार्षदो के साथ नए पार्षदों को भी साधा हैं। इसमें नरेन्द्र बंजारे, मनीष साहू, देवनारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार व कांशीराम कोसरे सीनियर पार्षद रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पुराने अनुभव के साथ महापौर को इसका लाभ मिलेगा। वहीं नए चेहरे में नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल जैसे नए चेहरे भी मेयर की टीम में शामिल किए गए हैं। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 37 तथा छत्तीसगढ़ राज्य संसोधन अधिनियम 2004 के नियम 37 (2) में निहित प्रावधान एवं प्रदत्य शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए महापौर अलका बाघमार एतद द्वारा नगर पालिक निगम दुर्ग के निर्वाचित पार्षदो में से नगर पालिक निगम दुर्ग की नियमानुसार मेयर इन काउंसिल का गठन करते हुए संबंधित पार्षदो को उनके नाम के समक्ष दर्शित विभागों का प्रभारी, सदस्य नियुक्त किया है।

## 12 नामों पर लगी मुहर, मेयर इन काउंसिल का हुआ गठन



### निर्माण कार्य में आएगी तेजी

महापौर ने आज सोमवार को एमआईसी सदस्यों की घोषणा कर सूची जारी कर दी है। इसमें वरिष्ठता के साथ कार्य अनुभव को एवं कुछ नए चहेरे को प्राथमिकता दी गई है। सभापति चयन के बाद एमआईसी गठन का इंतजार किया जा रहा था। इसके साथ ही अब नगर निगम के कामकाज में गति आएगी। कार्यों की रूपरेखा तैयार कर स्वीकृति दिलाकर नए और अटके विकास कार्य शुरू हो सकेंगे।

### मेयर की टीम में ये होंगे सदस्य

नगरनिगम के एमआईसी में बारह विभाग में सदस्य होगें। जिसमें वित्त लेखा अंकेक्षण समिति सदस्य नरेंद्र बंजारे, सामान्य प्रशासन व विधायी कार्य समिति सदस्य मनीष साहू, नगरी नियोजन व लोक कर्म समिति सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, जलकार्य समिति सदस्य लीना देवांगन, राजस्व समिति सदस्य, चंद्रशेखर चन्द्राकर, अग्निशमन व विद्युत संधारण व यांत्रिकी समिति सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, गरीबी उन्मूलन समाज कल्याण समिति सदस्य शिव नायक, स्वास्थ्य व चिकित्सा समिति सदस्य नीलेश अग्रवाल, शिक्षा खेल-खुद एवं युवा कल्याण समिति सदस्य लीलाधर पाल, पर्यावरण व उद्यानिकी समिति सदस्य काशीराम कोसरे, सांस्कृतिक,मनोरंजन व विरा.संरक्षण समिति सदस्य हर्षिका संभव जैन, महिला एवं बाल विकास समिति सदस्य शशि साहू को बनाया गया हैं।

# साइंस कॉलेज का उन्नयन करने 3 करोड की स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से राज्य सरकार ने यहां विकास करने कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चयन किया है। इस कार्य से यहां के विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए अतिरिक्त कक्ष के अलावा सुविधाएं भी मिलेगी।

■ कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा उन्नयन

शिक्षा के क्षेत्र में दुर्ग को आगे बढ़ाने विधायक गजेन्द्र यादव लगातार प्रयासरत है। इस बार के बजट में दुर्ग में कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा खेल को बढ़ावा देने दुर्ग में बहूउद्देशीय स्टेडियम बनाने की मांग को बजट में शामिल कर प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने दुर्गवासियों को सौगात दिए है। विधायक ने बताया कि, दुर्ग का साइंस कॉलेज ( शासकीय विश्वनाथ तमास्कर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय) में जिलेभर से विद्यार्थी पढ़ने आते है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा उन्नयन करने की मांग की गई थी, जिसे पूरा करने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिस पर सरकार विद्यार्थियों के हित को देखते हुए इस बार के बजट में अलग अलग दो मद में कुल 3 करोड़ स्वीकृति मिली है जल्द राशि हस्तान्तरित होने कार्य प्रारंभ हो जाएगा। शासन द्वारा कॉलेज को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में चयन करने से अब विद्यार्थियों के पढ़ाई करने सुविधायुक्त क्लासरूम बनेगा और सुविधा बढ़ेगी।

### आडिटोरियम का अधूरा निर्माण होगा पूरा

इसके पूर्व कॉलेज परिसर में बीते पांच साल से फंड के अभाव में ऑडिटोरियम का काम रुक गया था। जिसे फिर से शुरू करने विधायक गजेन्द्र यादव ने पहल किये और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से आग्रह कर 11 करोड़ की पुनरीक्षित बजट की स्वीकृति दिलाये है। जिससे अधर में लटके हुए ऑडिटोरियम निर्माण अब पूरा हो जायेगा।

# महिला दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

साईंस कालेज के गणित विभाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञातव्य हो कि भले ही यह विद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए है, परंतु पिछले कुछ वर्षों में गणित विषय में छात्राओं की रूचि बढ़ रही है। छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणेत्तर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। इस वर्ष भी एम.एससी. गणित के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर, कविता वाचन और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें गणित के अतिरिक्त सभी विषय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. उषा साहू, डॉ. अनुपमा कश्यप एवं डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रत्येक प्रतियोगिता में 3-3 पुरस्कार प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि इसी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कु. सीमा सिन्हा थीं। वे महिला उत्पीड़न के खिलाफ महिलाओं को जागरूक करने के लिए तत्पर है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे देश के उच्च पदों में आजकल महिलाओं की उपस्थिति है। कार्यक्रम में डॉ. शोभा श्रीमती निधि शर्मा, कु. बिजमा, कु. अम्बालिका और कु. दीपक का सहयोग रहा।

# शहर विकास के लिए छत्तीसगढ़ मंच ने दिए आवश्यक सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने नगर निगम दुर्ग को शहर विकास हेतु सुझाव



देते हुए कहा कि हर वर्ष नगर निगम द्वारा बजट के पूर्व शहर हित में सुझाव लिए जाते है लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने महापौर श्रीमती अल्का बाघमार से शहर में विकास हेतु शिवनाथ सौंदर्यीकरण की बड़ी योजना को मूर्त रूप देने, हॉकी मैदान में एस्ट्रो टर्फ लगाने पूर्व में स्वीकृत योजना को पुनः अमल में लाने, भिलाई की तर्ज पर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करने, तैराकी हेतु स्विमिंग पूल का निर्माण, कचरा संग्रहण को शहर के बाहर स्थापित करने, जेल चौक से पुलगांव चौक तक सड़क चौड़ीकरण कर मार्ग विभाजक बनाने, गर्मी को ध्यान में रखते हुए बंद पड़े हुए कूलिंग वाटर ए टी एम मशीन को तत्काल प्रारंभ करने, विभिन्न वार्डो में उजाड़ पड़े उद्यान का रख रखाव, शहर के चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण एवं जगमग प्रकाश व्यवस्था, शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने महापौर ट्रॉफी के नाम से विभिन्न खेलों का आयोजन करने तथा सांस्कृतिक गतिविधियों एवं आयोजनों को बढ़ावा देने, शहर में गीत संगीत को बढ़ावा देने दुर्ग आइडल का आयोजन करने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु शिवनाथ तट सहित नगर चौपाटी, ठगड़ा बांध एवं अन्य जगहों पर ओपन स्टेज, खुला मंच, का निर्माण कराने की मांग की है। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक चंद्रिका दत्त चंद्राकर, रमन सिंह, दिनेश जैन, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल आदि शामिल हैं।

# महिला समृद्धि बाजार क्षेत्र से सड़क आवागमन में बाधित दुकानदारों को हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम के तहत शहर की सफाई वयवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार

■ महापौर-आयुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ महिला समृद्धि क्षेत्र में सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई और सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ समृद्धि बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क किनारे तंबू लगाकर रखने वाले सभी दुकानों को नवरात्रि प्रारंभ होने के पहले हटवाने, सड़क आवागमन में बाधित दुकान व पसरा सभी को हटवाकर समृद्धि बाजार पार्किंग में लगवाने के निर्देश दिये। महापौर ने वार्ड 39, 44 व वार्ड 29 का निरीक्षण किया। विश्वदीप स्कूल मार्ग के पास अवैध पान व अन्य ठेले व अवैध तरीके से रखे गुमटियों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला समृद्धि बाजार के सामने हॉकी मैदान में बिना निगम की अनुमति से बना रहे बाउंड्रीवाल को हटवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड 44 में नवीन किराना दुकान में बिक रहे प्रतिबंधित डिस्पोजल जब्त किया गया। माता शीतला तालाब का निरीक्षण कर नव रात्रि के पहले विसर्जन कुंड को साफ करने के निर्देश दिए। महापौर ने इस दौरान साफ-सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर, हिरौंदी चंदानिया, साजन जोसेफ, मनोज सोनी, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे।

## आधार नंबर में लापरवाही की शिकायत, जनदर्शन में 94 आवेदन प्राप्त हुए

# दो व्यक्तियों का एक ही आधार नम्बर होने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में अवैध कब्जा,

■ कलेक्टर जनदर्शन में पीड़ितों ने लगाई गुहार

आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 94 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम कचान्दुर निवासी के आवेदन पर हुई तत्काल कार्यवाही। आवेदिका ने बताया कि उनकी पुत्री 70 प्रतिशत विकलांग है, फिर भी विकलांग पेंशन राशि प्राप्त नही हो रही है। पेंशन राशि मिलने से पुत्री के इलाज के लिए सहायता मिल जाएगी। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल पेंशन राशि दिलाने आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। शिकायत लेकर पहुंचे डून्डेरा निवासी ने बताया कि, ग्राम डून्डेरा में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर किसानी कार्य किया जा रहा है, जबकि वह किसानों के लिए आने-जाने का मुख्य मार्ग है। उस जमीन में कब्जा होने के कारण किसानों को अपने खेत में आने जाने में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को भूमि शासकीय या निजी, परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।



### चौकीदारों को मजदूरी का भुगतान नहीं

वन परिक्षेत्र धमधा-कुम्हारी के अंतर्गत कार्यरत चौकीदारों ने मजदूरी भुगतान कराने आवेदन दिया। वन परिक्षेत्र धमधा-कुम्हारी के रखवाली हेतु चौकीदार कार्यरत थे। कार्यरत चौकीदारों को विगत 11 माह से मजदूरी का भुगतान नही किया गया है। उन्होने बताया परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने वनमण्डाधिकारी को परीक्षण कर मजदूरों को भुगतान कराने के निर्देश दिए।

### दोनों भाइयों को एक ही आधार नंबर

ग्राम सुरपा दुर्ग निवासी ने दो व्यक्तियों को एक ही आधार नम्बर जारी होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि, उनका और उनके चचेरे भाई दोनों का आधार नम्बर एक ही है। आधार सेंटर में भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। किसी प्रकार का शासकीय, बैंकिंग व अन्य अशासकीय कार्यो हेतु मेरा आधार नम्बर चचेरे भाई का आधार नम्बर दर्शाता है, जिससे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आधार नम्बर के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने ईडीएम को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला स्तर पर शासकीय बाल देख-रेख संस्थाओं तथा किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण, बालक कल्याण समिति, चाईल्ड हेल्पलाईन यूनिट एवं रेल्वे स्टेशन पर चाईल्ड हेल्पलाईन डेस्क हेतु जारी रिक्त पदों के पद पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की विभागीय चयन समिति द्वारा स्कूटनी, परीक्षण के उपरांत आवेदकों की पात्र-अपात्र सूची दावा-आपत्ति जारी किये जाने हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 19 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

## खबर संक्षेप



### जनपद सदस्य दामिनी ने निकाली आभार रैली

**अंडा।** जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र क्रमांक 16 के जनपद सदस्य दामिनी साहू ने अपने क्षेत्र भोथली, खाड़ा रूदा, तिरगा, झोला में आभार रैली निकालकर क्षेत्रवासियों व बुजुर्गों से घर-घर जाकर आशीर्वाद लिया। जनपद सदस्य दामिनी साहू ने अपने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को सरकार का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया गया। इस रैली में रमेश कुमार साहू पूर्व सरपंच भोथली, कलीराम साहू हरिशंकर साहू, मुकेश साहू, ईश्वर लाल साहू भोथली, घासियाराम देशमुख सरपंच तिरगा, धर्मिन बाई सिन्हा झोला, कौशल निषाद झोला, नंदकुमार साहू सरपंच रूदा खांड़ा साथ ही बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

### शिवनारायण बने उपाध्यक्ष



**उतई।** नगर पंचायत उतई में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ जिसमें भाजपा के शिवनारायण देशमुख 11 मतों के साथ विजय हुए। वही कांग्रेस से राकेश साहू को 4 मत मिले। बधाई देने वाले में उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू, पार्षदगण सोमेन्द्र सोनू राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश कुमार चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## निधन

### शांति बाई सोनी



**भिलाई।** 118 न्यू सिविक सेंटर निवासी शांति बाई उम्र 93 वर्ष का आकस्मिक निधन हृदयाघात से हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 18 मार्च को शाम 4 बजे उनके गृह निवास से शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी स्व. राधेश्याम सोनी की पत्नी एवं कैलाश, ओमप्रकाश, चंद्र प्रकाश, सूर्य प्रकाश सोनी की मां और पलाश, रत्न सोनी की दादी थीं।

### केपी रामकृष्ण पिल्लई



**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मी केपी रामकृष्ण पिल्लई उम्र 93 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को दोपहर 12 बजे 8 ए, स्ट्रीट 24 सेक्टर-10 से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे केआर राजीव, केआर जीजी के पिता, लेखा राज व ज्योति नायर के ससुर और ऋत्विका, निशी राज के दादा थे।

### सहोदरा पांडेय



**भिलाई।** अमलीडीह निवासी सहोदरा पांडेय पत्नी मोहित पाण्डेय का आकस्मिक निधन हो गया। शव यात्रा 18 मार्च को भिलाई नगर निवास मकान 8ए, सड़क 71 सेक्टर 6 से सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संदीप पाण्डेय की मां थीं।

## खम्हरिया व डुंडेरा में धूमधाम से मनाई मिनीमाता की जयंती

# मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए किया समर्पित: विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में ममतामयी मां मिनीमाता की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस पावन अवसर पर मां मिनीमाता के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाज सेवा और नारी उत्थान के प्रति उनका योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनके किए गए काम आज भी लोगों के जेहन में याद बनकर जीवित हैं। आज भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके उत्कृष्ट कार्यों की छाप आज के समाज में हमें दिखती है।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा मिनीमाता का व्यक्तित्व अतुलनीय था। सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया। दलितों के नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिये अस्पृश्यता निवारण अधिनियम को संसद में पारित कराने में उनके योगदान को भूला नहीं जा सकता है। बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में उन्होंने समाज से लेकर संसद तक अपनी आवाज बुलंद की। इस कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच, पंच सहित 50 से अधिक साथियों ने भाजपा की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं शुभकामनाएं।

**नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच व पंच ने किया भाजपा प्रवेश**



भाजपा प्रवेश करने वालों में नवनिर्वाचित सरपंच दुलारी देशलहरे, उपसरपंच टीकाराम साहू, पंचगण धामीन साहू, देवकी देशलहरे, सरोज यादव, माहेश्वरी निषाद, यमुना पटेल, चंद्र रेखा, गायत्री पटेल, गीतांजलि पटेल, भीमेश्वरी पटेल, उषा साहू, मुन्ना चंद्राकर, आशीष चंद्राकर, रजत पटेल, नरोत्तम साहू, प्रीतम निषाद, वीरेंद्र यादव, अनिकेत देशलहरे, हरीश कुर्रे, मोनू बंजारे, हेमराज देशलहरे, विमल देशलहरे, अनिल चतुर्वेदी, हेमंत देशलहरे, शम्मी देशलहरे, लोकेश टंडन, योगेश बंजारे, जितेंद्र बंजारे, किशोर कुर्रे, उमेश बंजारे, कुलदीप टंडन, दिनेश देशलहरे, लोमेश देशलहरे, प्रीति बंजारे, पंचू बांधे, बल्ला मारकंडे आदि हैं।

### मिनीमाता जयंती पर महिला सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान

उतई। नगर पालिक निगम रिसाली अंतर्गत ग्राम डुंडेरा में प्रतिवर्षानुसार पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मिनीमाता चौक में स्थापित मिनीमाता की प्रतिमा में माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन कर जयंती मनाई एवं उनके कार्यो, आदर्शों को याद किया। इस दौरान ग्राम में महिला सफाई कर्मियों का उपहार भेंट कर सम्मान भी किया गया। तरुण बंजारे ने कहा कि मिनीमाता का व्यक्तित्व अतुलनीय था। सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया। वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण में उनका योगदान अविस्मरणीय है, साथ ही मिनीमाता के महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों को याद कर उनके सम्मान में ग्राम के महिला सफाई कर्मियों का सम्मान किया। इस दौरान नगर निगम के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, कार्यक्रम में सतनामी समाज के अध्यक्ष द्वय कीर्तन कोसरे, बिशेसर कुर्रे, साहू समाज के अध्यक्ष छंगा साहू, पूर्व अध्यक्ष बीडी टंडन, चंदू गायकवाड़, जीनत साहू,चेतन लाल साहू, टीकाराम बंजारे, ओमप्रकाश कोसरे, अमोली भुईफोर, भागवत देवांगन, किशन देवांगन, प्रकाश बंजारे, योगेश फेकर, दिनेश बंजारे, होमेन्द्र साहू, तोषण कुर्रे, ईश्वर साहू, उमेश देवांगन, कार्तिक साहू, जीवन, श्रीराम साहू, सुमेर साहू, सेवाराम साहू आदि उपस्थित थे।



## भाजपा व उनके विधायक झूठ का पुल बांधने में माहिर है: पूर्व जपं अध्यक्ष देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने भाजपा के विधायक ललित चंद्रकार के बजट में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में बजट स्वीकृति की बात कर रहे वह पूरी तरह से झूठ बोलने का काम किया है। पूर्व कांग्रेस की सरकार में प्रदेश के गृहमंत्री एवं क्षेत्र के विधायक ताम्रध्वज साहू ने जो कार्य किया है वह एतिहासिक है। श्री साहू ने चारों और चहुंमुखी विकास हुआ है उसे दुबारा कोई नहीं करा सकता। भाजपा सरकार और उनके विधायक हमेशा झूठ बोलने का कार्य करती है और झूठे श्रेय लेने का काम करती है। जनता अब इन्हें पहचान चुकी है क्षेत्र में नया कोई काम अब तक नहीं हुआ पुराना काम ही अब भी जारी है।



■ पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज के कार्यकाल में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास हुआ

पूर्व मंत्री द्वारा अनगिनत कार्य हुआ है फिर चाहे वो बीएसपी से ज़मीन हस्तांतरण की बात हो, नगपुरा में अस्पताल, अंजोरा में अस्पताल शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्य, रिसाली को निगम का दर्जा दिलाने से लेकर सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं हों, रसमड़ा का आईटीआई कॉलेज, रिसाली का महाविद्यालय, निकुम में महाविद्यालय, धनोरा में स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, नगपुरा में महाविद्यालय, इसी तरह बड़ी-बड़ी पुल निर्माण ग्राम विनायकपुर में पुल निर्माण, रुदा से धिरी में पुल, भरदा से चंगोरी पुल निर्माण, कोटनी से नगपुरा पुल निर्माण जैसे अनेकों कार्यों की सूची है जिनके माध्मय से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है।

मैं विधायक से जरूर पूछना चाहूंगा कि पिछले डेढ़ वर्ष में वो स्वयं कितने कार्य करा पाएं हैं? वो जनता को बता दें। हमारे कांग्रेस शासन काल में लगभग 4.50 करोड़ रूपये के जो विकास कार्य पूर्व मंत्री द्वारा कृषि मंडी बोर्ड से स्वीकृति करवाया था उसे क्यों पास नहीं करवा सके ? सरकार के अपने पहले और दूसरे बजट में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लिए आपने क्या-क्या काम पास करवाया है। पूर्व कार्यकाल में पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य सभी गांव में सड़के पुल-पुलिया निर्माण, नया नगर निगम रिसाली में सड़क, सीसी रोड, नाली, गार्डन, फुटबाल ग्राउंड, खेल मैदान, भवन, चौपाटी, आत्मानंद स्कूल, तालाब सौंदर्यीकरण आदि, रिसाली में 30 बिस्तर अस्पताल, नगपुरा, अंजोरा, अण्डा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कृषि उपज मंडी के तहत विभन्न ग्राम पंचायतों में स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, धान उपार्जन केन्द्र में शेड निर्माण से अनेक कार्य कराया है।

**प्राथमिक शाला चंगोरी में हुआ सम्मान समारोह व वार्षिक उत्सव**

## सामुदायिक सहभागिता व प्रधानपाठक की मेहनत से चंगोरी स्कूल का हुआ संवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी संकुल केंद्र बठेना विकासखंड पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में सम्मान समारोह, वार्षिक उत्सव, कक्षा पांचवी के बच्चों की विदाई कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय का संवर्धन किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनी कुर्रे सरपंच, विशिष्ट अतिथि प्रदीप महिलांगे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन, विशेष अतिथि सुरेंद्र पांडे समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक, विवेक शर्मा समग्र शिक्षा सहायक जिला मिशन समन्वयक, खिलावन चौपड़िया विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, हरिश्चन्द्र सुकतेल संकुल प्राचार्य, सभी अतिथि सरस्वती माता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत एवं संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा स्वागत भाषण से हुआ।

प्रधान पाठक ने बताया कि विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से विभिन्न तरह की कार्य किए गए हैं। मां सरस्वती मंदिर निर्माण, स्मार्ट क्लास की स्थापना, माइक सेट, सीसीटीवी कैमरा, कीचन गार्डन निर्माण, दरी, सीलिंग फैन, दीवाल घड़ी, खेल सामग्री इत्यादि। प्रधान पाठक ने कहा कि बच्चों की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति की उद्देश्यों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं अलग-अलग टूल्स कहानी उत्सव, व्यायाम खेलकूद स्वच्छता, नैतिक शिक्षा, संगीत, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा ,के द्वारा बच्चों का अध्ययन अध्यापन कराया जा रहा है, बच्चों की अच्छी गुणवत्ता नई-नई तरीके से अध्यापन कराने के लिए प्रधान पाठक को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित हो चुका है। विद्यालय में पुराने सामग्रियों की संरक्षण संवर्धन हेतु संग्रहालय की परिकल्पना भी की जा रही है, विद्यालय के होनहार बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सभी बच्चों,दानदाताओं, स्वच्छता दीदी एवं उल्लास कार्यक्रम की प्रेरक शिक्षक को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक एवं एसएमसी अध्यक्ष चेतन वर्मा ने बताया कि विद्यालय में मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की डॉक्टरों के द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर परीक्षण कर लोगों का उपचार किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे के द्वारा विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित परसराम साहू के द्वारा विभिन्न प्रकार की संग्रहित पत्थरों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की संचालन मोहित शर्मा शिक्षक एवं विरेंद्र कुमार साहू प्रधान पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विरेंद्र कुमार, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, भानुमति कुर्रे, डॉ. गोपाल शर्मा, राजाराम, भास्कर सावर्णी, योगेश वर्मा, संकुल समन्वय कौशल टिकरिया, एसएमसी अध्यक्ष चेतन वर्मा सदस्य गण, ललिता कोसरिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पूर्व सरपंच यामिनी शेखर वर्मा, नवनिर्वाचित सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पंचगण, माधुरी मांडवी उपसरपंच, सीता निषाद जनपद सदस्य, कमलेश्वरी बंदे रोजगार सहायिका, ग्राम की मितानिन दीदी, झामुलाल मारकंडे, नानहु प्रसाद कोटवार आसपास की स्कूलों के शिक्षक गण, स्वच्छता दीदी, पालकों एवं बच्चों की उपस्थिति रही।



■ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## धोबी समाज ने मनाया धोबिन दाई और गाडगे महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

संयुक्त तत्वावधान में सुहाग की देवी माता नातिन धोबिन दाई एवं संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती मनाई। समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें पूरे जिले के महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। तत्पश्चात सामाजिक भवन में गुरुर राज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर महिला विंग के अध्यक्ष छवि लता निर्मलकर के निर्देशन में मनाई गई जिसमें झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र गुरूर, खप्परवाड़ा, अर्जुंदा, गुंडरदेही, बालोद राज से अनेक पदाधिकारी और सामाजिक लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि संरक्षक धरमलाल निर्मलकर मंदिर हसौद, अध्यक्ष नीलू निर्मलकर धरमपुर, सचिव मुकेश निर्मलकर माना एवं टीकम निर्मलकर बड़ौदा, राव चरण निर्मलकर ऊपरवारा नया रायपुर और माना बस्ती से अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, दुर्जन, जोहन, कुंजीलाल, रामगुलाल, धनसुख, अर्जुन, इंदल, पवन निर्मलकर, माना बस्ती से अश्विनी निर्मलकर, लालजी, गोपाल, पीतांबर, पुनाराम, गणेश, भारत एवं माना बस्ती के सभी सामाजिक बंधु एवं महिलाएं उपस्थित थीं। समाज ने कानफोडू डीजे, छष्ठी में शराब परोसने, सगाई, चौथिया प्रथा, आदर्श विवाह को अपनाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अतिथियों ने कहा प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज को संगठित कर रहे हैं और पूरे प्रदेश में एक से बढ़कर एक रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं उन्हीं की प्रेरणा से पूरा समाज छत्तीसगढ़ स्तर से संगठित हो रहा है। अतिथियों ने कहा जिन लोगों ने योग्य कन्या का अनादर कर अंतर जाति हुआ किए हैं उन्हें समाज में ना ही कोई पद मिलेगा और ना ही समाज में कोई मंच मिलेगा। अगर हम लोग अंतरजाति विवाह करने वालों को ऐसा ही प्रोत्साहित करते रहें समाज के मंच में महिमा मंडित करते हैं तो समाज की बेटियां कहां जाएंगे।

■ धोबी समाज ने धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

## शांतिपूर्ण व फाग गीतों के साथ मनाया रंगों का पर्व होली

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र के चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, चंदखुरी , कोलिहापुरी, भानपुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, खाड़ा रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, बिरेझर, थनौद, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, बोरई, गनियारी, खप्परवाड़ा, देवरी ख, डगनिया, परसदा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, गोरकापार, ओड़ारसकरी, मटिया, देवगहन सहित कई ग्रामों में हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया गया। शांति पूर्ण तरीके से मंडली के फाग गीतों के साथ होली मनाई गई। चौक-चौराहों में लोगों ने घूम-घूमकर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। वहीं बच्चों ने पिचकारी चलाकर होली का आनंद उठाया। मंजीरा एवं मांदर के साथ कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी गीत गाए। गीतों का सबने आनंद लिया। कहीं पर किसी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना या उपद्रव कोई घटना नहीं हुई। हर्बल गुलाल का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया गया। इस प्रकार सभी ने मिलकर भाईचारे से होली पर्व का आनंद लिया।



## विदाई व सम्मान समारोह में शामिल हुए तीन जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

सत्येंद्र सिंह राजपूत सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन विश्राम गृह पाटन में किया गया। इस कार्यक्रम अतिथि विकासखंड पाटन के 3 पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी पीकेएस बघेल डीईओ राजनांदगांव, डॉ. केवी राव डीईओ डीईओ रायगढ़, टीआर जगदल्ले डीईओ धमतरी, अमित घोष सहा. संचालक डीईओ दुर्ग, पीके महिलांगे बीईओ पाटन उपस्थित थे। सभी अतिथियों के द्वारा आशीष वचन प्रदान किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी पीकेएस बघेल द्वारा अपने कार्यकाल में राजपूत के द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा तथा स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। आयोजनकर्ता टिकेंद्र नाथ वर्मा संभागीय लिपिक संघ अध्यक्ष एवं सहयोगी गोपेंद्र चंद्राकर ब्लॉक लिपिक संघ अध्यक्ष के तत्वावधान में साल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सत्येंद्र राजपूत सेवानिवृत्त लेखापाल का सम्मान किया गया। टिकेंद्र वर्मा ने उद्बोधन में कहा कि होली की मस्ती और रंगों की जीवन में सजीव विविधता होनी चाहिए। सत्येंद्र सिंह राजपूत सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक अपने अनुभव साझा करते हुए कहा 4500 रुपए की नौकरी छोड़ते हुए वर्ष 1990 में मात्र 1150 रुपए वेतन में डौंडी लोहारा में प्रथम ज्वाइनिंग किया और आज 34 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर आज इस सम्मान से मुझे गर्व एवं खुशी हो रही है।

■ साल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मान



प्रोसेस क्रमांक-31 / 2025
पेशी तारीख - 07/04/2025
समंस जारी दिनाँक 01/03/2025

**न्यायालयः- न्यायाधीश, कटुम्ब न्यायालय, दंतेवाड़ा, जिला- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

**-:: प्रतिवादिनी की उपस्थिति हेतु नोटिस ::-**

व्यवहार वाद क्रमांक- 57-ए/2024
हि.वि.अधि. की धारा- 13 के वास्ते

**कुलदीप विश्वकर्मा** ....वादी
**विरूद्ध**
**रंजना विश्वकर्मा** .....प्रतिवादिनी

**बनाम** :- रंजना विश्वकर्मा पति कुलदीप विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा, आयु- 29 वर्ष, निवासी अटल चौक डीडाभाठा, रानीतराई वि.खं. पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन- 491223, मो. नं. 9575691369

क्योंकि वादी द्वारा **हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-13 वास्ते** इस न्यायालय पर मुकदमा दायर किया है, आपको इस नोटिस के जरिये आहूत किया जाता है कि आप इस न्यायालय में **तारीख 07 माह 04 सन 2025 ई.** को दिन के **11:00 बजे** खुद न्यायालय में उपस्थित होकर या न्यायमित्र/अधिवक्ता के माध्यम से जवाब देवे। नोटिस तामिली उपराँत बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।

आज **तारीख 01 माह 03 सन 2025** को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — आदेशानुसार

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने दिए निर्देश**

## खंड चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न सेक्टरों के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने सोमवार को विकासखंड पाटन के विभिन्न स्वास्थ्य सेक्टर की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रगति की गहन समीक्षा करने बैठक ली। सेक्टर सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि निक्षय निरामय 100 दिवसीय पहचान और उपचार कार्यक्रम अंतर्गत गाड़ाडीह, पाटन, रानीतराई, झीट और भिलाई-3 सेक्टर में लक्षण युक्त हितग्राहियों का स्पूटम जांच कराने अंतिम एक सप्ताह में करने निर्देश दिए। उपलब्धि प्राप्त नहीं होने पर कार्यवाही किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि अब फील्ड और अस्पताल के कर्मचारियों को स्वीकृति अवकाश के बिना प्रस्थान करने पर सख्त कार्यवाही किया जाएगा। कर्मचारी पहले सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराने के पश्चात ही प्रस्थान कर सकेंगे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने गैर लक्षणों वालों का एक्स रे कराया जाना है उनके लिए प्लान बनाकर अलर्ट मोड पर आकर कार्य करने की आवश्यकता जिससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का लक्ष्य प्राप्त हो सके। गर्भवती माताओं को खोजकर पंजीकरण और डिलवरी का आन लाइन एंट्री, शत-प्रतिशत टीकाकरण की उपलब्धि सुनिश्चित करते हुए आनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें। एचआईएमएस और आरसीएच पोर्टल पर आनलाइन एंट्री किया जाए। सभी बीईईटीओ व सेक्टर सुपरवाइजर, एलएचव्ही प्रतिदिन फील्ड का दौरा कर फील्ड के स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्य की निगरानी करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में बीईईटीओ चंद्रकांता साहू, बीईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई सैय्यद असलम, बीपीएम पूनम साहू, बीडीएम टीमन साहू, स्वास्थ्य सुपरवाइजर आरके बंजारे, एलपी वर्मा, सुरेखा रौठर, चित्ररेखा देवांगन, जेआर मार्कंडेय, देवकी, सुमित्रा बोकासे, मधु देवांगन, ए देशलहरे, आरएस शांडिल्य, प्रेमराज कुमारी आदि उपस्थित थे।





# पानी टंकी बनाने स्कूल भवन को तोड़ने के फरमान से मची खलबली

## निर्णय से बढ़ी पालकों की चिंता, अधर में बच्चों का भविष्य, पहले भी तोड़ने के बाद आज तक नहीं बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के शिक्षक नगर स्थित तिलक कन्या स्कूल पुत्री शाला स्वतंत्रता संग्राम से पहले बनाया गया है। इस धरोहर को सहेजने के बजाय निगम प्रशासन द्वारा इसे तोडने का फरमान जारी कर दिए जाने से महकमे में खलबली मच गई हैं। बकायदा स्कूल के लिए शिक्षा विभाग को एक पत्र जारी कर भवन तोडने की अनुमति मांगी गई हैं। पत्र जारी होने के बाद न सिर्फ शिक्षा महकमा बल्कि बच्चों के परिजनों को भी चिंता सताने लगी है। अगर यहां पानी टंकी बनी तो करीब साठ से अधिक स्कूलों बच्चों के भविष्य संकट में पड जाएगा।

### शासन का सख्त निर्देश

ऐतिहासिक स्कूलों को लेकर राज्य शासन ने सक्त निर्देश जारी किए है। जिसमें ऐतिहासिक स्कूलों को सहेजकर रखने है। इसे तोडना तो दूर बल्कि इसे मूल स्वरूप से भी छेडछाड नही किया जा सकता हैं। इसके लिए राज्य शासन ने सक्त निर्देश जारी किए गए है। इसके बाद भी निगम के इस निर्णय ने सवाल खडे कर दिया हैं।

### अंग्रेज शासनकाल से संचालित

पूर्व सभापति राजेश यादव ने बताया कि, यह पुत्री स्कूल अंग्रेज शासन काल से बना हुआ हैं। इस जमाने के राजा जगतपाल के नेतृत्व में किला रूपी ईंट से तैयार किया गया था। उन्होने ने ही पुत्री शाला का नाम दिया था। ऐसे में इस स्कूल को तोडने के बजाया दूसरे विकल्प पर सोचना चाहिए। उन्होने बताया कि, उन्होने पुत्री शाला, कन्या स्कूल सहित दो प्राथमिक स्कूल को एक परिसर में रखने का प्रस्ताव तत्कालीन कलेक्टर अंकित आनंद को दिया था। इस स्कूल का चयन आत्मानंद स्कूल के लिए भी किया जाना था।

### इन दो उदाहरण से समझें निगम का कारनामा

**केस 1**

#### तोड़ने के बाद आज तक नहीं बना

इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्प्लेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। पूर्व पार्षद श्रध्दा सोनी ने भी लगातार फंड जारी कराने का प्रयास किया था। उन्होने बताया कि, भवन तोडे पांच साल से अधिक समय हो चुका है। आज तक भवन नही बनाया गया है। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। जिससे आज भी पालकजन निगम के इस कारनामे से खपा हैं।





**केस 2**

#### कांप्लेक्स बना दिया

गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। यहां एग्रीमेंट के तहत दुकान से आने वाले किराए से स्कूल का संचालन करना था। लेकिन स्कूल आज भी फूटी कौडी नही मिलती है। हालात यह रहता है कि, स्कूल में आय दिन बिजली बिल नही पटने से बिजली कांटने की नौबत आन पडती है। हाल ही में बोर्ड परीक्षा के बीच बिल नही पटने से कनेक्शन कांट दिया गया था। स्कूल की जमीन पर दुकाने बनाने वाले निगम ने आज तक इसे गंभीरता से नही लिया हैं।

### वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे

"बनियापारा स्थित तिलक पुत्री स्कूल को तोडने का फैसला निगम प्रशासन का है। उन्होने विभाग से एनओसी मांगी हैं। बहरहाल स्कूल की स्थिति देखकर व वैकल्पित व्यवस्था होने पर ही विचार किया जाएगा।

**अमित घोष,** सहायक संचालक, दुर्ग

दरअसल नगरनिगम द्वारा शिक्षक नगर वार्ड स्थित तिलक कन्या प्राथमिक शाला स्कूल के भवन को तोडने के लिए अनुमति मांगी गई हैं। इस स्कूल में 60 से अधिक बच्चों पढाई कर रहे है। निगम प्रशासन ने दलील दी है कि, यहां विधायक के निरिक्षण बाद 15 सौ केएल क्षमता की टंकी बनाया जाएगा। इसके लिए उन्होने शिक्षा विभाग के डीईओ को पत्र लिखकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की हैं। सोमवार को निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा डीईओ अरविंद मिश्रा को पत्र जारी किए जाने के बाद से शिक्षा विभाग में खलबली मची रही और निगम प्रशासन की जमकर किरकिरी हो रही हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### एनजेसीएस के स्वरुप को जायज ठहराया

**भिलाई।** एनजेसीएस में सुधार के मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा इस्पात मंत्रालय को दिए गए 90 दिन के समय के बाद सेल प्रबंधन ने इस्पात मंत्रालय को अपना जवाब सौंपा है। अपने जवाब में सेल प्रबंधन ने एनजेसीएस के वर्तमान क्रियाकलाप तथा ठाँचे को जायज ठहराया है तथा 1970 के दशक में गठित एनजेसीएस के नियमों के तहत ही निर्णय लेने का हवाला दिया है । जबकि यूनियन ने अपने पत्र में एनजेसीएस में यूनियन प्रतिनिधियों के मनोयन तथा कई समझौते पर सबुत के साथ सवाल उठाया था तथा वर्तमान श्रम कानूनों के हिसाब से एनजेसीएस के पुर्नगठन का माँग किया था । उक्त जानकारी देते हुए बीएकेएस यूनियन के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि यूनियन ने कई सवाल उठाए थे। पूछा था कि एनजेसीएस में सेल के प्रत्येक प्रमुख यूनिट से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन का प्रावधान किया गया है तो 5 ट्रेड यूनियनो को 3-3 , कुल 15 मनोयन का सीट क्यों है। निर्वाचित रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन नेताओं की शक्तियों को, मनोनित यूनियन नेताओं से कम कैसे रखा गया और एनजेसीएस का गठन बगैर कानूनी प्रावधान के किस कानून के तहत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय की शरण में जा रही है ।

---

### सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक के साथ की बैठक, जल्द शुरू होगी सदस्यता जांच प्रक्रिया

# बीएसपी में यूनियन मान्यता चुनाव के लिए प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में मान्यता यूनियन का कार्यकाल को समाप्त हुए 6 महीने बीत चुके हैं। प्रबंधन द्वारा चुनाव को लेकर कोई घोषणा न करने के कारण सोमवार को सीटू यूनियन की टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध विभाग) जेएन ठाकुर से मिलकर चुनाव के संदर्भ में चर्चा की। यूनियन के मुताबिक जल्द चुनाव पर बैठक होने के साथ गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच प्रक्रिया शुरु होगी।

चर्चा के दौरान प्रबंधन ने चुनाव को लेकर प्रबंधन द्वारा उठाए जा रहे कामों को साझा करते हुए कहा कि प्रबंधन चुनाव के संदर्भ में उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) से चुनाव के मामले में से चर्चा की है,जिसके तहत जल्द ही उप मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय बीएसपी के साथ चर्चा करेंगे । सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि प्रबंधन एवं भिलाई की यूनियनों के बीच बैठक होगी इसमें चुनाव के विषय से चर्चा की जाएगी। साथ ही भिलाई में गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच की प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। इसके परिणाम स्वरूप चुनाव के बाद भिलाई में कार्यरत कर्मियों के लिए मान्यता यूनियन मिलेगा।

**प्रबंधन व यूनियनों के बीच होगी चर्चा**



#### शून्य काल के दुष्परिणाम मसामने आने लगे

सीटू नेता जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने कहा मान्यता समाप्त हो जाने के बाद निर्मित होने वाले शून्य काल की स्थिति हमेशा कर्मियों के लिए घातक होती है 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता प्राप्त यूनियन का कार्यकाल का अंतिम दिन था सीटू ने 24 सितंबर 2024 को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता की जांच कर नई मान्यता यूनियन चुनने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रबंधन को पत्र दिया था तब से लेकर अब तक शून्य काल की स्थिति बनी हुई है ।

#### चुनाव से वर्कर्स की समस्याओं का निदान

सीटू नेता ने कहा कि बीएसपीकर्मियों के लिएनॉन एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी जी का जंजाल बन चुकी है। संयंत्र में लगातार घटनाएं दुर्घटनाएं हो रही हैं और सीपीएफ खाते से अस्थाई लोन लेने पर कामगारों से ब्याज लेने की प्रक्रिया बंद होने के बाद कामगार परेशान हैं। कैंटिनों में बदइंतजामी है। ऐसी कई समस्याओं का समाधान केवल मान्यता प्राप्त यूनियन चुनाव व प्रबंधन से चर्चा है।सीटू ने सभी यूनियनों से प्रबंधन से जल्द गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करवा कर मान्यता यूनियन का चुनाव कराने की मांग करने की अपील की है।

---

## सेल में वॉव योजना लागू अब बढ़ेगी सृजनशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेफी के मांग पर सेल प्रबंधन ने "वर्क फ्रॉम अदर देन वर्कप्लेस (वॉव) योजना के क्रियान्वयन के लिए परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के अनुसार इस्पात बिरादरी को उसके द्वारा सृजनात्मक कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध रहेगी और कार्मिकों को अपने कार्यस्थल पर आने से छूट प्रदान की जाएगी। सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा किया गया यह प्रयास भी मील का पत्थर साबित होगा। सेल में लर्निंग कल्चर तथा कार्मिकों के सृजनशीलता को बढ़ावा मिलेगा। इससे लोगों को अपने वर्कलाइफ को बैलेंस करने में मदद मिलेगी। एस-1 से लेकर ई-9 ग्रेड तक कार्मिक शामिल हैं। वर्तमान में यह योजना एक वर्ष के लिए लागू की गयी है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों को अधिसूचित किया गया है तथा प्रत्येक गतिविधि हेतु मिलने वाले "वॉव दिवस" की सीमा निर्धारित की गयी है। इसके साथ ही प्रत्येक ग्रेड के अधिकतम अवधि का भी निर्धारण किया गया है। इसके तहत सुझाव योजना में भागीदारी, लियो व पीआईडब्ल्यू वर्कशाप में भागीदारी, स्कील डेवलपमेंट हेतु किए जाने वाले प्रोफेसनल कोर्स, संयंत्र व सेल स्तर पर होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी, प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार व विश्वकर्मा पुरस्कार के लिए आवेदन, सुरक्षा संवर्धन हेतु किए गए पहल, सेल के इनहाऊस मैग्जिन में प्रकाशन, ई-पाठशाला योजना के तहत किए गए कोर्स, क्यूसी प्रस्तुति में भागीदारी, सेफ्टी ऑडिट में भागीदारी, सेफ्टी सर्कल, ग्रीन सर्कल, प्रोफेशनल सर्कल के विकास में योगदान, अपने क्षेत्र में फाइव एस क्रियान्वयन में योगदान, सीएसआर गतिविधियों में योगदान, सीटीवाईएम तथा डायरेक्टर पर्सनल कप व अन्य सेल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी, स्टील टेक्नोलॉजी से संबंधित पुस्तकों का प्रकाशन आदि जैसे 32 गतिविधियों हेतु "वॉव" योजना के तहत दिए जाने वाले "वॉव दिवस" के गणना की सीमा निर्धारित की गयी है। इस योजना के तहत जहां सेल कार्मिकों में स्किल का उन्नयन, सृजनशीलता का विकास, टीमवर्क में वृद्धि, सुरक्षा संवर्धन में बढ़ोत्तरी तथा प्रबंधकीय क्षमता का विकास संभव हो पाएगा।



■ वर्क लाइफ को बैलेंस करने में मिलेगी मदद

---

## 11 अधिकारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरोध में बीएसपी अफसर सड़क पर उतरेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल में 11 अधिकारियों को समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के विरोध में सेफी के आव्हान पर ऑफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी द्वारा मंगलवार को गेट मीटिंग की जाएगी।

स्टील एक्सीक्यूटिव फेडरेशन आफ इंडिया (सेफी) की नई कमेटी बनने के बाद पहली वर्चुअल काउंसिल मीटिंग में सेफी से संबद्ध सभी इकाईयों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सेल में समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू करने का विरोध किया। सेफी द्वारा इसअनुचित निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की रणनीति पर विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया कि पहले चरण में सेल की सभी इकाईयों में गेट मीटिंग के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत सेल के अधिकारियों द्वारा ब्लैक बैच लगाकर विरोध किया जाएगा।

बीएसपी में पहले चरण में 5.45 बजे से शाम 6.45 बजे तक मुर्गा चौक सेक्टर एक में गेट मीटिंग किया जायेगा। इसे सफल बनाने के लिए प्रगति भवन में ओए कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेल में अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू किए जाने की निंदा की है और कहा कि महारत्न कंपनी ग्रेट प्लेस टू वर्क" से सम्मानित किया गया है। इसके पीछे सेल के कर्मठ कार्मिकों का निरंतर समर्पण व योगदान है। लेकिन समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति के इस निर्णय से कार्मिकों का मनोबल गिरेगा, जिसका प्रभाव निष्पादन पर पड़ेगा।

■ ओए ने की गेट मीटिंग को सफल बनाने की अपील



#### रद्द करें अनिवार्य सेवानिवृत्तिः बंछोर

श्री बंछोर ने 11 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को रद्द किया जाए जाने की मांग सेल प्रबंधन से की है। सेल के सभी अधिकारियों से सेफी के विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने की पुरजोर अपील की है। विरोध प्रदर्शन के दूसरे चरण में 20 मार्च को सेल के अधिकारियों द्वारा ब्लैक बैच पहन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

---

## महिला ने मकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम निवासी पूजा सोनी सोमवार की दोपहर को अपनी दोनों बच्चियों को घर से बाहर निकाल कर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके पूर्व भी पूजा ने अपनी हाथ की कलाई काट कर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसकी दोनों बेटियों को आशंका होने पर आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा को तोड़कर मकान के भीतर प्रवेश करने पर पूजा की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे फांसी के फंदे से उतारकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छावनी पुलिस ने बताया कि मृतका का पति आटो चालक था। पूजा का मायका और ससुराल आसपास ही है। पति के मौत के बाद दोनों बेटियों की जिम्मेदारी पूजा पर थी। मृतका के पास से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी बरामद किया है। जिसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।



### बाइक की ठोकर से वृद्धा की मौत

**भिलाई।** पैदल जा रही वृद्धा को बाइक सवार ने ठोकर मार दी हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ननकठ्ठी निवासी सेजा बाई 67 वर्ष पैदल अपने रिश्तेदार के साथ जा रही थी। इस दौरान शीतला मंदिर के सामने पहुंची ही थी की। बाइक सीजी 25 एन 7753 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया।

---

## विधायक की पहल पर त्रिपक्षीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रिसाली में स्वीकृत कार्यो को पूर्ण कराने के लिए कवायद शुरू कर दी है। भिलाई इस्पात संयंत्र के आला अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सांसद ने दो टूक कहा कि जनहित के कार्यो में भिलाई इस्पात प्रबंध सहयोगात्मक रूख अपनाए। आवश्यकता पड़ने पर वे इस्पात मंत्रालय में चर्चा करने तैयार है। दरअसल विकास कार्य में विलंब होने पर विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर रंगोत्सव के पहले संयंत्र प्रबंधन, रिसाली निगम प्रशासन और सांसद, विधायक के बीच बैठक हुई। दुर्ग ग्रामीण विधायक के हवाले से सांसद विजय बघेल ने कहा कि राज्य शासन ने कॉलेज भवन, इंडोर स्टेडियम और नालंदा परिसर के लिए राशि स्वीकृत की है। जमीन के अभाव में कार्य रूका है। सांसद ने कहा कि जिला प्रशासन के साथ स्थल निरीक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है। बी.एस.पी. की जमीन रिसाली क्षेत्र सीमा है, शीघ्र एनओसी दे। राशि का उपयोग कर निर्माण कार्य आरंभ किया जा सकता है। संयंत्र प्रबंधन के हटधर्मिता को देखते सांसद ने दो टूक कहा कि वर्तमान में जमीन की उपोगिता के लिए बी.एस.पी. एनओसी जारी करे। कार्य जनता के हित के लिए स्वीकृत है। अगर आवश्यकता पड़ी तो वे इसके लिए इस्पात मंत्रालय में भी चर्चा करेंगे।

■ सांसद विजय की दो टूक, जनता से जुड़े कार्यों के लिए बीएसपी एनओसी दे

#### समिति बनाने सहमत

रिसाली निगम की महत्वकांक्षी योजना जलशोधक संयंत्र पर भी विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा पश्चात संयंत्र के अधिकारियों ने कहा कि मरोदा डेम की क्षमता और अन्य तकनिकी पहलुओं पर सर्वे आवश्यकता है। इसके बाद ही निर्णय लिया जा सकता है। अधिकारी सर्वे के लिए कमेटी बनाने सहमति भी दी। भिलाई होटल में आयोजित बैठक पश्चात रंगोत्सव की बधाई दी। संयंत्र की ओर से ई.डी. पवन कुमार ने सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को बधाई दी।

---

### ले. जनरल हरिंदर सिंह ने सीनियर सेकंडरी स्कूल से.10 में यादें की साझा

# इस्पात नगरी ने मुझे सिखाया नेतृत्व कौशल और साहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), जो भारतीय सेना के सेवानिवृत्त इन्फेंट्री सेना अधिकारी हैं, ने अपने पूर्व विद्यालय बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10, और बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल, सेक्टर-9 का दौरा किया। पूर्व में उन्होंने इस्पात भवन में बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, से मुलाकात की और भिलाई और बीएसपी से जुड़ी यादें साझा कीं।

श्री सिंह बीएसपी-एसएसएस-10 केस्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों से बातचीत की। महाप्रबंधक शिखा दुबे और स्कूल की प्राचार्य सुमिता सरकार, और बीएसपी एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों ने 1980 में इसी स्कूल के छात्र रहे श्री सिंह का स्वागत किया। उन्होंने स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब का भी दौरा किया। कॉन्फ्रेंस हॉल मेंएसएसएस-10 और बीएसपी एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित संवाद सत्र मेंलेफ्टिनेंट जनरल सिंह का सम्मान किया गया। उन्होंने छात्रों और पूर्व एलुमनाईस से बातचीत की और करियर आकांक्षाओं और राष्ट्र सेवा से जुड़े उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।



#### विद्यालयों में किया पौधारोपण

श्री सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि 45 वर्षों के बाद इस स्कूल में लौटकर ऐसा लग रहा है की मानो कुछ समय पहले की ही बात हो और बीएसपी-एसएसएस-10 के दिनों की यादें आज भी ताजा हैं। दो वर्ष पूर्व, मैं भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून के कमांडेंट के पद से सेवानिवृत्त हुआ, जो एक प्रतिष्ठित संस्थान है । इसने 60 हजार से अधिक सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 2 हजार से अधिक ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई ने मुझे एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरना सिखाया। प्राचार्य सुमिता सरकार ने स्वागत भाषण दिया और छात्रों को लेफ्टिनेंट जनरल सिंह से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बीएसपी एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्य जैरी कोशी ने लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के साथ अपने स्कूल के दिनों की यादें साझा कीं। सिंह ईएमएमएस सेक्टर-9 भी गए और पूर्व प्रिंसिपल मिठू मजूमदार के साथ दोनों विद्यालयों में पौधारोपण किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129



02



मेडिकल कैंप में निराश्रितों को मिला चिकित्सकीय लाभ


## लाइव इवेंट

### मिलन समारोह में फूलों को होली फाग गीतों में थिरकीं महिलाएं



**दुर्ग।** सरयूपारीय ब्राह्मण समाज का होली मिलन आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा और महिला विंग की अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और गुलाल लगाकर पूजा अर्चना की। संरक्षक रामशाल शर्मा ने होली का महत्व बताते हुए बहुत सुंदर कविता सुनाई। समाज का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के लुचकीपारा स्थित सामाजिक भवन में रखा गया। सबने बहुत उत्साह से फूलों की होली खेली। सब लोग रंग-बिरंगे परिधान और टोपी में नजर आए। इस अवसर पर समाज के लोग नृत्य-संगीत पर थिरकते नजर आए। फाग का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत गेम्स का भी आयोजन किया गया। प्रोग्राम में रामविशाल शर्मा, कमल नारायण शर्मा, प्रदीप पांडेय, कमलेश तिवारी, राजेंद्र, शैलेंद्र चौबे, महेश तिवारी, संध्या तिवारी, योगीता, सोनू, आशा शुक्ला, शैल किरण शुक्ला, प्रणिता शुक्ला, प्रीति पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे। समाज की अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने बताया कि होली मिलन समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष फागुन के महीने में किया जाता है। इस बार भी सामाजिक एकजुटता के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में समाज के सभी वरिष्ठजन प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## सिटी इवेंट

### होली पर कवियों ने जमाई महफिल, काव्यपाठ ने गुदगुदाया



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में सेक्टर-10, भिलाई के सभागार में होली मिलन समारोह, कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक बुलेटिन के लोकार्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक विनोद कुमार खाण्डेकर थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद पाल ने की। विशिष्ट अतिथि वीररस के कवि राजीव चौबे, उद्योगपति कैलाश कुमार जैन, नरेंद्र कुमार सिक्केवाल थे। समिति के सचिव भूषण चिपड़े ने कार्यक्रम का संचालन किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद गुलाल तिलक, शॉल, श्रीफल, मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया गया। मुक्तकंठ साहित्य समिति के संपादक दुलाल समाद्दार एवं सह-संपादक दयालन माधवन उन्नी ने फरवरी अंक के साहित्यिक बुलेटिन का लोकार्पण हुआ। विनोद कुमार खाण्डेकर ने मुक्तकंठ साहित्य समिति के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए साहित्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। राजीव चौबे ने अपने साहित्यिक सफर को साझा करते हुए यह आश्वासन दिया कि मुक्तकंठ साहित्य समिति को किसी भी साहित्यिक आयोजन के लिए स्मृति नगर सोसाइटी का सभागार हमेशा उपलब्ध रहेगा। गोविंद पाल, कैलाश कुमार जैन बरमेचा एवं नरेंद्र सिक्केवाल ने भी अपने विचार रखे और मुक्तकंठ के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद काव्य-पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित रचनाकारों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। प्रमुख कवि एवं कवयित्री ओमवीर करण, शिवमंगल सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, उमेश दीक्षित, नरेश कुमार विश्वकर्मा, इस्माइल आज़ाद, वर्षा ठाकुर, मंजुलता शर्मा, रियाज खान गौहर, पल्लव चटर्जी, प्रकाश चंद्र मंडल, वीरेन्द्र सरकार, नौशाद सिद्दीकी, सोनिया सोनी, दुलाल समाद्दार, गजराज दास महंत, नीलम जायसवाल, सत्यवती शुक्ल, वी. नाथ, भूषण चिपड़े, नीलकंठ देवांगन आदि ने काव्यपाठ किया।

### मौन रहना एक कला, जो सफलता की कुंजी : बरमेचा



**भिलाई।** हम में से अधिकांश लोग सफलता को मेहनत, लगन, अनुशासन और सही अवसरों से जोड़कर देखते हैं, लेकिन बहुत कम लोग इस बात पर ध्यान देते हैं कि मौन भी सफलता की एक महत्वपूर्ण कुंजी हो सकती है। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश जैन बरमेचा ने बताया कि मौन का अर्थ सिर्फ चुप रहना नहीं है, बल्कि यह एक गहरी समझ और आत्मनियंत्रण की स्थिति है। यह आत्मचिंतन और आत्मविकास में सहायक है। सही समय पर सही निर्णय लेने में मददगार है। धैर्य और संयम का विकास करता है। संचार कौशल को बेहतर बनाता है मानसिक शांति और आत्मविश्वास में वृद्धि करता है। महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, अब्राहम लिंकन ने मौन रहकर सफलता अर्जित की। मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं, बल्कि एक महान शक्ति है, जो आत्म-नियंत्रण, समझदारी और सफलता की ओर ले जाती है। मौन रहना केवल एक कला नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी रणनीति है, जो आपको हर परिस्थिति में विजयी बना सकती है।

---

● पदविहार कर साध्वी मंडल के सदस्य पहुंचे रतन भवन बांधा तालाब, होली पर धर्मसभा का आयोजन

# संत रतन मुनि ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा को धर्म और त्याग से सींचा, राज्य को उनके सानिध्य का मिला मौका : ज्योति

**होली चातुर्मास के लिए जैन साध्वियों का समूह पद्विहार पर निकल पड़ा है। साध्वी मंडल की सदस्यों ने पदविहार कर नवकार भवन से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में प्रवेश किया। अतिथि सत्कार एवं गुरु भक्ति के बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया। मेवाड़ प्रवर्तनी डॉ. चंदना ने धर्मसभा में कहा कि हमर छत्तीसगढ़ की ओर पहली बार आने का मौका मिला। अनेकों प्रसंग पर हमने दुर्ग संघ की महिमा के बारे में सुन रखा है। हमने छत्तीसगढ़ को स्वयं देखा और महसूस किया।**

**दुर्ग।** साध्वी रत्ना डॉ. अक्षय ज्योति ने कहा लोकमान्य संत गुरुदेव रतन मुनि ने छत्तीसगढ़ की पावन भूमि को धर्म और ध्यान से सींचा है। छत्तीसगढ़ क्षेत्र पर गुरुदेव के अनंत उपकार हैं। उनका पावन सानिध्य चेन्नई चातुर्मास के दौरान हम साध्वी मंडल को भी प्राप्त हुआ। ऐसे संत छत्तीसगढ़ वासियों को प्रबल पुण्य वाणी से मिलते हैं। साध्वी मंडल ने होली चातुर्मास पर उपवास रखा। कार्यक्रम स्थल पर साध्वियों का सामाजिक कार्यकर्ता पायल जैन ने स्वागत किया। हर्ष और उल्लास के वातावरण में मेवाड़ प्रवर्तनी चंदना श्री, कलावती, अक्षय ज्योति, उपासना श्री, नव कीर्ति, योग लब्धि, अक्षदा, अदिति ने नवकार परिसर से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में मंगल प्रवेश किया। चातुर्मास के अवसर पर सामूहिक उपवास एवं दो सामयिक की आराधना जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में संपन्न हुआ। इसके बाद साध्वी मंडल की सभी साध्वी ने पुनः पद्विहार शुरू किया। वे मालवीय नगर स्थित दादा बाड़ी, भिलाई-तीन, कैवल्यधाम कुम्हारी होते हुए आगे बढ़ चलीं। सोमवार को वे रायपुर जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान रायपुर में उनका भव्य स्वागत हुआ। स्वागत गीत गाए गए। धर्मसभा का भी आयोजन किया गया।







## होली पर आध्यात्मिक रहस्य को प्रदर्शित करते नाटक ने रमाया



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केलाबाड़ी स्थित राजऋषि भवन में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शिव के महावाक्य के द्वारा होली के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका बीके रूपाली ने बताया निराकार परमात्मा ने हम सभी को बताया है कि होली में सबसे पहले होलिका दहन करते हैं। अर्थात जलाया जाता है, दूसरे दिन रंगपंचमी है, जिसमें एक दूसरे को रंग लगाते हैं। इसका आध्यात्मिक रहस्य है कि परमात्मा शिव जो की सर्व मनुष्य आत्माओं के परमपिता है। वह नई सतयुगी सृष्टि के स्थापना का कार्य कर रहे हैं, जहां सर्वत्र स्नेह, प्रेम, सुख, शांति, करुणा, दया चंहु ओर व्याप्त रहेगी। इसलिए अभी स्वयं के अंदर जो भी नकारात्मक वृत्तियां हैं, जो स्वयं व अन्य आत्मा को दुःखी करती है। उसे इस होली में ज्ञान सूर्य परमात्मा की याद से दहन करना है। अर्थात उन वृत्तियों का अग्नि संस्कार करना है, जैसे व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद उसको जलाते हैं, जिसे संस्कार करना कहते हैं तो सभी नकारात्मक वृत्तियों का संस्कार कर जो हमारी मूल वृत्ति पवित्रता, सुख-शांति, आनंद, प्रेम की है उसे धारण करना है। साथ ही हर संकल्प व कर्म में परमात्मा के संग में रह परमात्मा के गुणों का रंग स्वयं भी लगाये व औरों को भी यह रंग लगाए जिससे यह सृष्टि सुख-शांति मय हो जाएगी । परमात्मा ने हमें बताया है कि यह सृष्टि कर्म क्षेत्र है जो करेगा सो पाएगा इसलिए यदि हम स्वयं को परिवर्तन करते हैं तो परमात्मा कहते हैं कि आपको 21 जन्म तक संपूर्ण सुख शांति का स्वराज्य मिलेगा। इस अवसर पर चंद्राणी युक्ति और जागृति ने अपनी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी ।



---

# चैत्र नवरात्रि पर 30 मार्च से श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा, निकलेगी कलश यात्रा

■ देवांगन जनकल्याण समिति का 6 अप्रैल तक आयोजन

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि में 30 मार्च से परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन होगा। समिति की केन्द्रीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, विभाग प्रभारियों, सलाहकारों, संरक्षकों एवं सदस्यों की रविवार को परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर, रिसाली में संपन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक एवं प्रवचनकर्ता आचार्य डॉ नीलेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।





कथाकार आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने कहा कि नवरात्रि में शक्ति की आराधना के साथ ही श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के श्रवण से बड़ा पुण्य लाभ मिलता है और वांछित मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह एक दुर्लभ संयोग है कि नवरात्रि पर्व एवं देवी भागवत कथा एक साथ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने नवरात्रि में श्रीमद् भागवत पुराण कथा के आयोजन करने के लिए देवांगन समाज की सराहना की। बैठक में अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया परमेश्वरी मंदिर में कि 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि का आयोजन होगा। मंदिर में हमेशा की तरह मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस अवसर पर परमेश्वरी मंदिर में पहली बार श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व एवं देवी भागवत कथा में सभी वर्ग के नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 27 मार्च को आमंत्रण रैली निकाल कर घर-घर आमंत्रण दिया जाएगा।

30 मार्च को प्रातः कलश यात्रा के साथ नवरात्रि पर्व की शुरुआत होगी। इसी दिन वेदी पूजन एवं ज्योति कलश प्रज्वलन के बाद दोपहर 3.30 बजे से कथा की शुरुआत होगी। प्रतिदिन प्रातः वेदी पूजन एवं आरती तथा संध्या समय विशेष आरती एवं जसगीत का गायन होगा। बैठक में सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, त्रिलोक, टेसूराम, दिनेश, रेशमलाल, कल्पना भानु, दयाराम, जनार्दन, होमलाल, गोवर्धन देवांगन, सत्यपाल देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

### राधिकानगर में निकलेगी कलश यात्रा

**भिलाई।** मैत्री विहार राधिक नगर सुपेला स्थित जय अम्बे, शिव-पार्वती, श्रीराम दरबार, हनुमान मंदिर, नवग्रह शनिदेव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन होगा। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन 30 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शकुन्तला ग्रुप के डायरेक्टर संजय ओझा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। 2 अप्रैल को माता का विशेष श्रृंगार होगा, दोपहर 2 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा। 5 अप्रैल को हवन-पूजन के साथ विधि-विधान से सारे संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। आयोजकों ने ताया कि 6 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया जाएगा। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम होंगे। इस दौरान हनुमान चालीसा, हनुमान बाहुक, सुंदरकांड के साथ सामूहिक आरती होगी।

---

## छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्गराज का 79वां वार्षिक अधिवेशन

# अधिवेशन में समाज के प्रतिभावान सम्मानित, भूपेश ने कहा- शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से उन्नति संभव

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्गराज का 79 वां वार्षिक अधिवेशन ननकट्ठी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में महिलाओं, युवाओं तथा क्षेत्र के स्वजातीय बंधुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश शोभायात्रा से हुई।



### बेटियों को आगे बढ़ाएं, बेटों को भी पढ़ाएं

भूपेश बघेल ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से ही समाज में उन्नति संभव है। शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही है तो बेटों को भी बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल ने समाज की एकता बनाए रखने पर बल दिया तथा प्रतिभा सम्मान के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताई और सादगी पूर्ण स्वजातीय विवाह पर जोर दिया। कार्यक्रम में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए नंदकट्ठी को पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके बाद ध्वजारोहण और राजकीय गीत फिर समाज गौरव गीत के बाद समाज के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत तथा स्वागत भाषण और भावी गतिविधियों पर राजप्रधान ईश्वरी वर्मा ने मंच से संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज की गतिविधियों की जानकारी राजमंत्री रमाशंकर वर्मा ने प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय की जानकारी प्रस्तुत की। इसी प्रकार युवाध्यक्ष, महिला अध्यक्ष और नगर इकाइयों द्वारा भी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। समाज के 10 वीं तथा 12 वीं के 41 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। नीट, आईआईटी, खेल तथा अन्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वालों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

### आए अतिथियों का हुआ सम्मान सामूहिक एकजुटता पर जोर

इस अवसर पर राज प्रधानगण, कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, पाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, केन्द्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केन्द्रीय विवाह प्रभारी चंद्रकुमार वर्मा, भोला कुर्मी छात्रावास अध्यक्ष मनोज वर्मा, भिलाई नगर अध्यक्ष कोमल धुरंधर सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर आए अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही सामूहिक एकजुटता के संकल्प को दोहराया गया।



## सिटी इवेंट

# पद्मश्री शमशाद ने अवसरों का लाभ उठाने का दिलाया संकल्प



**भिलाई।** स्वयंसेवी संस्था कविता पब्लिक वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा महिला दिवस का आयोजन खुर्सीपार भिलाई में किया गया। कार्यक्रम के पहली कड़ी में शंकराचार्य हॉस्पिटल नर्सिंग सुपरिटेंडेंट निर्मला गजभिए द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के राज्य गीत से की गई।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिलाओं के उत्थान और अवसरों का लाभ उठाने का संकल्प दिलाया। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सशक्तिकरण संघ अध्यक्ष प्रज्ञा ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के विकास में भारत का संविधान का योगदान सर्वोपरि बताया। न्यूट्रीशियन राधा ताम्रकार ने महिलाओं को अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। मंजू मिश्रा और सेल्फ डिफेंस की अध्यक्ष संगीता लहरी ने स्वंय के बल पर शीर्ष हासिल करने को कहा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक नृत्य और संगीत की प्रस्तुती दी गई।विभिन्न संस्थाओं से आमंत्रित महिलाओं ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के विकास पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पुलिस विभाग, सफाई कर्मी, ई-रिक्शा चालिका व अन्य विभागों से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम में प्रमिला दास, पुष्पा, ऊषा, रिंकी, टिंकू, रानू, कविता रंगारी सहित अन्य संस्थाओं से महिलाएं उपस्थित थी।



## सिटी लाइव

# अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के 48 बच्चों ने लिया हिस्सा



- भारतीय डाक विभाग का आयोजन
- 9 से 15 वर्ष के बच्चों ने लिया हिस्सा

**भिलाई।** भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा 2025 अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 9 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित की गयी थी। जिसमें भिलाई- दुर्ग के विभिन्न स्कूलों से कुल 48 बच्चें इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।बी.एल. जांगड़े प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग के द्वारा आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल सेक्टर 7 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभागियों के लिये आकर्षक पुरस्कार परिमण्डल व अखिल भारतीय स्तर पर विजेताओं को दिया जायेगा।

## हेल्थ लाइव

# आकस्मिक हृदयाघात पर कला मंदिर में परिचर्चा 23 मार्च को

**भिलाई।** युवाओं में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों की चिंता बढ़ रही है,आजकल सोशल मीडिया और आसपास के क्षेत्रों से युवाओं में आकस्मिक हृदयाघात के कारण मृत्यु देखने और सुनने को मिल रही है। उसे इतनी जल्दी हार्ट अटैक कैसे आ सकता है, वो तो इतना फिट था। हाल फिलहाल में हार्ट अटैक से जुड़ी घटनाओं को देखकर हर कोई यही सवाल कर रहा है। आजकल 25 से 45 की उम्र वाले भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। पिछले एक-दो सालों में युवाओं की अचानक हुई मौत ने लोगों को झकझोर दिया है। इसी के मद्देनज़र भारत विकास परिषद, जैन मिलन व जैन ट्रस्ट सेक्टर 6 एवं न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में एक परिचर्चा का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में 23 मार्च, को दोपहर 2 से 4 के बीच रखा गया है।



- डॉ. सुलभ चन्द्राकर व डॉ. गौरव त्रिपाठी होंगे वक्ता

इस परिचर्चा में हृदयरोग विशेषज्ञ राजधानी रायपुर के डॉ. सुलभ चंद्राकर (डी.एम. कार्डियोलॉजिस्ट ) जो युवाओं में आकस्मिक हृदयाघात से मृत्यु के संभावित कारणों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। राजधानी रायपुर के ही डॉ. गौरव त्रिपाठी (डी. एम. कार्डियोलॉजिस्ट) आकस्मिक हृदयाघात के कारण मृत्यु से कैसे बचा जाए और यदि हो जाये तो हृदयाघात की आपातकालीन स्थिति में बचाव के लिए क्या किया जाए, इस पर चर्चा करेंगे। साथ ही साथ संबंधित विषयों पर लोगों के प्रश्नों का जवाब भी देंगे। आयोजक डॉ सुधीर गांगेय ने युवाओं से इस परिचर्चा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## ● पार्षदों ने खेली फूलों की होली, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# पर्यावरण सुरक्षित रखने और रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों से बचने गुलाब, गेंदा सहित अन्य फूलों की पंखुड़ियों से खेली होली

**भिलाई।** बोल बम सेवा समिति के तत्वाधान में बैकुंठ धाम अंबेडकर भवन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक गजेंद्र यादव, भाजपा प्रदेशकार्य समिति के सदस्य बृजेश बृजपुरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर भिलाई के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने एकत्रित होकर रंगों के बजाय फूलों से होली मनाई। यह आयोजन पर्यावरण को सुरक्षित रखने और रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों से बचने का संदेश देने आयोजित किया गया था।अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में पार्षदों ने एक-दूसरे पर गुलाब, गेंदा और अन्य प्राकृतिक फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली।

इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी पर्यावरण को सहेजने के प्रति जागरूक रहें और प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें। कार्यक्रम के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है, लेकिन हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारी खुशियाँ प्रकृति को नुकसान न पहुंचाएं। फूलों की होली न केवल सुरक्षित है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अच्छी है। दया सिंह ने कहा कि आज के दौर में जहां प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गया है, वहां हमें ऐसे तरीके अपनाने चाहिए जो प्रकृति के अनुकूल हों। फूलों की होली इसी दिशा में एक छोटा सा कदम है।







**ये रहे शामिल:** इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद सरिता बघेल श्यामसुंदर राव, ईश्वरी नेताम, शकुंतला साहू, वीणा चंद्राकर, संजय सिंह, नोहर वर्मा, सत्या देवी जयसवाल, लक्ष्मी साहू, प्रियंका साहू, लक्ष्मी दिवाकर, संगीता शर्मा, पुष्पा राव, सविता सोनी, मंजू मिश्रा, प्रभा कुशवाहा, पुष्पा सिंह, सुभद्रा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### लोगों ने की सराहना

इस आयोजन को लोगों ने खूब सराहा। पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। हमें भी अपने घरों में ऐसे ही प्राकृतिक तरीके से होली मनानी चाहिए। इस तरह के आयोजन से न केवल त्योहार का आनंद बढ़ता है, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलती है। पार्षदों की यह पहल निश्चित रूप से लोगों के लिए एक प्रेरणा बनेगी और आने वाले समय में और भी लोग प्रकृति के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाएंगे।

### मातृशक्तियों ने किया होली मिलन



**भिलाई।** मातृशक्ति द्वारा सुपेला भिलाई में होली मिलन का कार्यक्रम समरसता को देखते हुए संगठन में महिलाओं को जोड़ने की दृष्टि से किया गया। कार्यक्रम में कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष डॉ मानसी गुलाटी और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स महिला विंग अध्यक्ष पायल जैन उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन मातृशक्ति जिला संयोजिका शशि बंछोर तथा प्रखंड संयोजिका रुना शर्मा और मंच संचालन नम्रता बंसोड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग सहसंयोजिका रानी साहू, प्रांत मिलन प्रमुख लक्ष्मी निषाद, मातृशक्ति सह संयोजिका अंकिता तिवारी, संगीता सोनवानी, सत्संग प्रमुख लीना साहू, सेवा प्रमुख प्रीति तिवारी, चरोदा प्रखंड संयोजिका मंजू टांडी, प्रखंड बाल संस्कार प्रमुख लक्ष्मी, सरोज, कुसुम, आशा वर्मा, पुष्पलता, मीनाक्षी, सुनीता साहू, कुमारी साहू, तारा देवांगन सहित कई वरिष्ठ महिलाएं उपस्थित थीं।

## दुर्ग की बेटी जूही ने रचा इतिहास

# पेरिस फैशन वीक में 6 अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनरों के लिए किया रैंप वॉक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की जानी-मानी मेकअप आर्टिस्ट और पेजेंट ग्रूमिंग मेंटर जूही व्यास ने हाल ही में पेरिस फैशन वीक में भाग लेकर एक नया इतिहास रच दिया है। वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला हैं जिन्होंने इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। जूही ने चर्चा के दौरान अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से फैशन और मेकअप की दुनिया तक का सफर साझा करते हुए बताया कि वे सॉफ्टवेयर इंजीनियर रही हैं, लेकिन उन्होंने अपने जुनून को प्राथमिकता देते हुए फैशन और मेकअप की दुनिया में कदम रखा। 12 साल पहले उन्होंने सेलूनकी स्थापना की। इसके बाद, मिसेज इंडिया इंक 2022 में भाग लिया और प्रथम रनर-अप बनीं। 2023 में उन्होंने कैलिफोर्निया में भारत का प्रतिनिधित्व किया और मिसेस ग्लोब पीपुल च्वाईस का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। 2024 में चीन में आयोजित मिसेज ग्लोब प्रतियोगिता की जूरी पैनल में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला रही है।



### पेरिस फैशन वीक में भारत का प्रतिनिधित्व

जूही व्यास को मिसेस इंडिया आईकॉन द्वारा पेरिस फैशन वीक के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनरों के लिए वॉक किया। यह कार्यक्रम पेरिस में आयोजित किया गया था, और इस विशेष शो में जूही और उनकी टीम अकेले भारतीय प्रतिनिधि के रुप में शामिल हुए।



### इन बड़े डिज़ाइनर्स के लिए किया वॉक

भारत से मनीष वैद के लिए पारंपरिक और आधुनिकता का मेल, एडमायर थाईलैंड, सुकोमी जापान के जापानी मिनिमलिस्टिक फैशन, लेह कूचर न्यूयॉर्क, अमेरिका के वेस्टर्न हाइ-फैशन स्टाइल, वेंडोम पेरिस फ्रांस के क्लासिक पेरिसियन एलीगेंस सहित इन पांचों अंतर्राष्ट्रीय डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक किया।

पेरिस फैशन वीक के दौरान, दर्शकों और फैशन जगत के लोगों ने जूही के आत्मविश्वास और वॉक की जमकर सराहना की। चूंकि इस इवेंट में वह अकेली भारतीय प्रतिभागी थीं, इसलिए उनकी उपस्थिति और भी खास बन गई। विभिन्न देशों के डिजाइनरों, मॉडल्स और दर्शकों ने उनके वॉक और उपस्थिति को सराहा और खूब तालियां बजाई। जूही के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि वह छत्तीसगढ़ की पहली महिला बनीं, जिन्होंने पेरिस फैशन वीक में वॉक किया। पेरिस फैशन वीक जैसे मंचों पर भाग लेने से उन्हें मेकअप की बारीकियों को और गहराई से समझने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में मॉडलिंग की बजाय मेकअप इंडस्ट्री में और आगे बढ़ाते हुए अपने मेकअप करियर को एक नए स्तर पर ले जाना चाहती हैं, और इस तरह के फैशन इवेंट्स में भाग लेकर वह अपनी कला को और निखार रही हैं। युवाओं व महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता की कुंजी निरंतरता है। अगर आपके प्रयास असफल हो रहे हैं, तो भी हार मत मानें।

## अभा क्षत्रिय महासभा वीरांगना ग्रुप का आयोजन

# मेडिकल कैंप में निराश्रितों को मिला चिकित्सकीय लाभ



**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना समूह द्वारा प्रियदर्शिनी परिसर के आश्रय स्थल में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। महिला दिवस और होली पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना द्वारा आयोजित मेडिकल कैम्प में आश्रय स्थल में रहने वाले निराश्रितों के लिए लगाया गया था। जिसमें वहां के 40 से 45 निराश्रित लाभान्वित हुए। मेडिकल कैंप में अपनी सेवा देने त्वचा रोग विशेषज्ञ (डर्मिटोलॉजिस्ट), सामान्य चिकित्सक (जनरल फीजिशियन) और स्त्रीरोग विशेषज्ञों ने निशुल्क अपनी सेवाएं दी। कैंप में डॉ एस के शर्मा, डॉ स्नेहा साव श्री शकराचार्य मेडिकल कॉलेज से उपस्थित रहकर आश्रय स्थल में रहने वाले सभी निराश्रितों का फ्री चेकअप किया और दवाइयां भी दी गई। कैंप में सांई आस्था चैरिटेबल ट्रस्ट से संदीप नन्दनवार और संदीप गुप्ता उपस्थित रहे। वहां की एक आश्रित हीराबाई को मेडिकल कॉलेज में आगे के उपचार के लिए सहयोग करने का आश्वासन इनके द्वारा दिया गया। मेडिकल कैम्प के उपरांत , सभी आश्रितों के साथ होली भी खेली गयी एवम स्वल्पाहार किया गया। इस शिविर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, वीरांगना की प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह, जिलाध्यक्ष ललिता सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अनिता सिंह और संध्या सिंह का विशेष सहयोग रहा।



**50 से अधिक लोग हुए लाभान्वित**

## लोकार्पण समिति का महिला दिवस पर आयोजन

# समूहों को शासन की योजनाओं से जोड़ने दी जानकारी महिला सशक्तिकरण में राजेश्वरी एवं मालती हुईं सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** समाज सेवी संगठन लोकार्पण समिति द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर के साथ आर्थिक रूप से सक्षम बनाने कार्य करती आ रही है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर अहिवारा के शीतला मंदिर प्रांगण में महिलाओं को संगठित करने उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए लोकार्पण समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजेश्वरी ठाकुर एवं मालती ठाकुर को शाल और श्रीफल के कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि अहिवारा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, वार्ड पार्षद लता बंजारे, शिक्षक नरेंद्र धनकर, अरुण बंजारे युवा समाज सेवी पदम जैन लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित हुए ।



### 25 महिला समूहों को स्व रोजगार का दिया प्रशिक्षण

अतिथि उद्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने महिलाओं को शासन की जनकल्याण कार्यक्रम की जानकारी के साथ उन्हें स्वरोजगार स्थापना में पालिका की ओर से सहायता प्रदान करने की घोषणा किया साथ ही लोकार्पण समिति के सामाजिक कार्यों जानकारी दी और कहा कि अहिवारा क्षेत्र की महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। लोकार्पण समिति के अध्यक्ष इस्माईल खान द्वारा कार्यक्रम में महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्य तथा बिक्री कला की जानकारी दी। अहिवारा क्षेत्र आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी महिला शक्ति केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार दिया जा रहा है जिसमें अहिवारा, आहेरी, बानबरद, देउरझाल में लगभग 25 महिला समूह की महिलाओं को स्व रोजगार का प्रशिक्षण दिया गया। समूह को शासन के पंजीयन विभाग से पंजीकृत कर उन्हें शासन के अन्य विभाग कि योजनाओ के माध्यम से जुड़ कर विभाग की जानकारी दी जा रही है। महिलाएं स्वालंबी बन कर अपने तथा उनके परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। सम्मान समारोह की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई।

### वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर लोकार्पण समिति एवं जय बूढ़ा देव महिला समूह द्वारा अहिवारा क्षेत्र की विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उनके कार्यों के लिए वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान पालिका अध्यक्ष दवरा किया गया। इस दौरान महिला दिवस पर भारती साहू एवं रेखा ठाकुर द्वारा महिला सशक्तिकरण पर अपनी विचार रखा। भारती साहू ने कहा कि समाज सेवी संगठन लोकार्पण समिति अहिवारा के शहरी तथा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ लीडरशिप प्रशिक्षण देकर महिला कल्याण के कार्य कर उन्हें प्रेरित कर रहे है। युवा समाज सेवी पदम जैन ने कहा कि एक महिला अपने परिवार के साथ समाज को भी सशक्त करती है। कार्यक्रम में अरुण बंजारे, नरेंद्र धनकर ने भी अपना उद्बोधन दिया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदिवासी गोंड समाज की वरिष्ठ पदाधिकारी जय बूढ़ा देव महिला समूह की राजेश्वरी ठाकुर, अध्यक्ष रेखा ठाकुर, सचिव मधु ठाकुर, अनीता ठाकुर, कोषाध्यक्ष, हेमीन ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, सपना ठाकुर, बिंदु गोंड, इंदु ठाकुर, नीतू ठाकुर, बूढ़ा देव महिला समूह की मालती ठाकुर अध्यक्ष, सोनकुंवर सचिव, तामेश्वरी ठाकुर, कोषाध्यक्ष तारा ठाकुर, रूपा ठाकुर, नीरा ठाकुर, आशा ठाकुर, देवकी, दुर्गा ठाकुर, उत्तम बाई ठाकुर, रीनू ठाकुर सहित समूह की 60 महिलाएं उपस्थित हुई।

ज्योतिष

## 29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण, इन राशि वालों को मिल सकता है विशेष लाभ



साल 2025 का पहला चंद्र ग्रहण होली के अवसर पर लग चुका है, जिसके बाद सबकी नजर अब सूर्य ग्रहण पर है। बता दें, साल का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च यानी चैत्र माह की अमावस्या तिथि के दिन लगेगा। इसका समय दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से शाम 6 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। हालांकि, चंद्र ग्रहण की तरह यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा, जिसके चलते इसका सूतक काल भी मान्य नहीं है। यह मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, एशिया, हिंद महासागर में नजर आएगा। परंतु, ज्योतिषियों की मानें तो साल का पहला सूर्य ग्रहण कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी भी साबित हो सकता है।

### सूर्य ग्रहण का ज्योतिषीय महत्व


आपको बता दें कि, 29 मार्च को लगने वाला सूर्य ग्रहण मीन राशि और उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में घटित होगा। इस दौरान, सूर्य, राहु, शुक्र, बुध और चंद्रमा सभी मीन राशि में स्थित होंगे, जो इस ग्रहण के प्रभाव को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

**मेष राशि :** ज्योतिष गणना के अनुसार साल का पहला सूर्य ग्रहण मेष राशि वालों के लिए खास हो सकता है। आपको करियर और नौकरी में अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अविवाहित जातकों की विवाह के संबंध में बातचीत हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों के लिए साल का पहला सूर्य ग्रहण लाभकारी है। किसी नई संपत्ति खरीदने के योग है। जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। अधूरे कार्यों में सफलता के योग है। पहले अगर किसी निवेश को किया था, तो उससे लाभ मिलने के योग है। नौकरी की तालाश कर रहे लोगों का इंतजार खत्म हो सकता है।

**मकर राशि :** मकर राशि वालों का कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों से तालमेल बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेगी। आपके लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी जिससे आर्थिक स्थिति में बदलाव आएगा। कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। करियर में लाभ होगा। अधूरे कार्यों में सफलता के योग है।

## हाथों की रेखाओं में मिलते हैं कॅरियर में सफलता और संघर्ष के संकेत




हस्तरेखा शास्त्र ज्योतिष का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति की हथेलियों की रेखाओं का अध्ययन करके उसके भविष्य के बारे में अनुमान लगाया जाता है। खासकर कॅरियर से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों को समझने में हथेली की रेखाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आइए जानते हैं कि किन रेखाओं से कॅरियर में आने वाली परेशानियों और सफलता के संकेत मिलते हैं।

### कॅरियर में आने वाली परेशानियों के संकेत

**छोटी सूर्य रेखा:** जिन लोगों की हथेली में सूर्य रेखा बहुत छोटी होती है और हृदय रेखा से पहले ही समाप्त हो जाती है, उन्हें करियर में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हें अपनी पसंदीदा नौकरी पाने में कठिनाइयां हो सकती हैं।

**कटती हुई रेखाएं:** यदि किसी व्यक्ति की हथेली में सूर्य पर्वत पर तीन या चार रेखाएं एक-दूसरे को काट रही हों, तो ऐसे लोगों को करियर में स्थिरता बनाए रखना मुश्किल होता है। उनके जीवन में बार-बार उतार-चढ़ाव आते हैं।

**अस्पष्ट सूर्य रेखा:** जिन लोगों की सूर्य रेखा स्पष्ट नहीं होती, उन्हें जीवन में हर निर्णय बहुत सोच-समझकर लेना चाहिए, क्योंकि इनके करियर में कई बार अनिश्चितता बनी रहती है।

### सफलता के संकेत

**उन्नत गुरु पर्वत:** तर्जनी उंगली के नीचे स्थित गुरु पर्वत यदि उभरा हुआ हो, तो ऐसे लोग बेहद भाग्यशाली माने जाते हैं। इन्हें सरकारी नौकरी, शिक्षा, चिकित्सा और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सफलता मिलती है।

**स्पष्ट और लंबी सूर्य रेखा:** जिनकी हथेली में सूर्य रेखा स्पष्ट और लंबी होती है, उन्हें कॅरियर में सफलता और प्रसिद्धि प्राप्त होती है।


हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, कॅरियर में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं को समझकर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो सफलता प्राप्त करना संभव है।

---

पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्रोनिक किडनी डिजीज होने का खतरा अधिक

# महिलाओं में बढ़ती किडनी की बीमारियों का पता चल गया बड़ा कारण, आप भी तो नहीं हैं इसका शिकार?

*किडनी से संबंधित बीमारियों का जोखिम काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिला हों या पुरुष, बच्चे हों या बुजुर्ग सभी इसका शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पुरुषों की तुलना में महिलाओं को क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) होने का खतरा अधिक रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके लिए ऑटोइम्यून डिजीज, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं को जिम्मेदार मानते हैं।*



### यूटीआई के कारण किडनी की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बार-बार मूत्र मार्ग में संक्रमण यानी यूटीआई होना गंभीर जोखिमों का कारण माना जाता है। ये संक्रमण ई. कोलाई जैसे बैक्टीरिया के कारण भी हो सकता है, अगर समय रहते इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर संक्रमण का इलाज न हो पाए तो ये संक्रमण ब्लैडर से होते हुए किडनी तक पहुंच सकता है। इससे किडनी की बीमारी और यहां तक कि किडनी फेलियर की दिक्कत भी हो सकती है।

### महिलाओं को यूटीआई का खतरा क्यों ज्यादा होता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि महिलाओं का मूत्रमार्ग छोटा होता है, जिससे बैक्टीरिया आसानी से ब्लैडर तक पहुंच सकते हैं। गर्भावस्था, मासिक धर्म और मेनोपॉज के कारण होने वाले हॉर्मोनल बदलाव भी महिलाओं में यूटीआई का जोखिम बढ़ा देते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि कुछ और स्थितियां हैं जो यूटीआई और किडनी की बीमारियों का जोखिम बढ़ाने वाली हो सकती हैं। कम पानी पीने के कारण शरीर से अपशिष्ट और बैक्टीरिया फ्लश नहीं हो पाते, जिससे संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है यूटीआई?

शुरुआत में यूटीआई के कोई लक्षण नहीं नजर आते हैं। हालांकि जब संक्रमण बढ़ने लगता है तो आपको कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। पेशाब करते समय दर्द या बार-बार पेशाब करने की इच्छा होना। अचानक पेशाब महसूस होना। बहुत कम मात्रा में पेशाब आना या पेशाब के साथ खून आना। पेट के निचले मध्य भाग में दर्द। तेज गंध के साथ झाग वाला पेशाब आना। इन संकेतों के साथ आपको तेज बुखार, उल्टी-मितली की भी दिक्कत हो सकती है। अगर आपको इस तरह की समस्याओं का अनुभव हो रहा है तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें।

### यूटीआई से बचाव के लिए क्या उपाय करें?

यूटीआई का समय पर पता लगाना और इलाज करना बहुत जरूरी है। उपचार का लक्ष्य संक्रमण को किडनी या ऊपरी मूत्र पथ में फैलने से रोकना है। आमतौर पर बैक्टीरिया को मारने के लिए एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं। आप दैनिक जीवन में कुछ बातों का ध्यान रखकर भी इस संक्रमण से बचाव कर सकते हैं।
खूब सारा पानी और पदार्थ पीते रहें।
जननांगों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
सुरक्षित यौन संबंध बनाना जरूरी है।
अगर आपको डायबिटीज है तो शुगर लेवल को कंट्रोल में रखना संक्रमण से बचाव के लिए बहुत जरूरी है।

---

## इस फल के बीजों में सेहत का राज, इम्युनिटी होगी मजबूत, घोड़े जैसी मिलेगी ताकत

पपीते के बीज में भरपूर मात्रा में विटामिन, जिंक, फॉस्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। बीज में विटामिन-सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

कहते हैं कि फलों से ज्यादा औषधि उनके बीज में समाहित होती है। कहीं न कहीं ये बात सच भी है।आम से लेकर जामुन तक तथा अमरूद से लेकर पपीता तक। फलों के सेवन के बाद यदि इनके बीज का चूर्ण बनाकर नियमित रूप से सेवन किया जाए, तो बड़ी से बड़ी बीमारियों का उपचार हो सकता है। आज हम आपको इन्हीं फलों में से एक 'पपीते'की बीज के सेवन पर विशेष जानकारी साझा करने वाले हैं। पतंजलि आयुर्वेदाचार्य भुवनेश पांडे बताते हैं कि ज्यादातर लोग पपीते का सेवन कब्ज़, पेट की ठंडक, वज़न घटाने तथा पीलिया जैसी समस्या से निजात पाने के लिए करते हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी उन्हें इसके बीज के औषधीय गुण तथा उपयोग की जानकारी नहीं होती है। पपीते की तरह ही उसके बीजों को भी पेट से जुड़ी समस्या के लिए बेहद कारगर माना गया है।



**कब्ज की समस्या से राहत पाने में करते हैं मदद :** विशेषज्ञों का कहना है कि कई स्टडीज में यह पाया गया है कि पपीते के बीज में प्रोटियोलिटिक एंजाइम की अच्छी मात्रा होती है। ये एंजाइम आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया का नाश करते हैं। पेट को हेल्दी रखने तथा कब्ज की समस्या से राहत पाने में मदद करते हैं।

इतना ही नहीं, शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को भी पपीते के बीज की सेवन से कम किया जा सकता है।

**शरीर को बचाता है कई बीमारियों से :** गुणों से भरपूर पपीते के बीज में विटामिन-सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। इन बीजों को एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और विभिन्न प्रकार के खनिजों का भंडार भी माना जाता है। जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं को कम करते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए भी सहायक है।

**चूर्ण को गुनगुने पानी में डालकर करें सेवन :** भुवनेश बताते हैं कि पपीते का बीज सब के लिए लाभप्रद नहीं होता है। इसलिए चिकित्सक की सलाह के बाद ही किसी भी व्यक्ति को इसका सेवन करना चाहिए।

---

## खांसी-जुकाम का प्रकोप, करें इन घरेलू चीजों का सेवन, झटपट मिलेगी राहत

बदलते मौसम के साथ खांसी, जुकाम और अन्य वायरल बिमारियों के मामले भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। मौसम में अचानक बदलाव से शरीर की इम्युनिटी कमजोर पड़ सकती है, जिससे सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। हालांकि, एक सही और संतुलित आहार से इन समस्याओं से बचा जा सकता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाया जा सकता है। हम आपको उन खाद्य पदार्थों के बारे में बताने जा रहे है, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करके आप इन मौसमी बिमारियों से बच सकते हैं और जल्दी राहत पा सकते हैं। डॉ. राजकुमार (डी. यू. एम) ने कहा कि बदलते मौसम में खांसी और जुकाम की समस्या आम है, लेकिन उचित आहार और घरेलू उपायों के जरिए इनसे निपटा जा सकता है। अदरक, शहद, हल्दी वाला दूध, आंवला, नींबू, तुलसी और काली मिर्च जैसी चीजें न केवल इम्युनिटी बढ़ाती हैं, बल्कि सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं में भी राहत देती हैं।



### अदरक और शहद का ऐसे करें सेवन

अदरक और शहद का सेवन सर्दी और जुकाम में तुरंत राहत देता है। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो गले की खराश को शांत करते हैं और शहद उसकी सूजन को कम करता है। यह मिश्रण इम्युनिटी को बढ़ाता है, जिससे शरीर के अंदर संक्रमण से लड़ने की क्षमता बेहतर होती है। रोज़ सुबह अदरक-शहद का मिश्रण लेने से आपको खांसी और जुकाम से राहत मिल सकती है।

### हल्दी वाला दूध भी कारगर उपाय

हल्दी वाला दूध एक बेहद प्रभावी घरेलू उपचार है, जो सर्दी और जुकाम में राहत देने के लिए जाना जाता है। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-वायरल गुणों से भरपूर होता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्दी वाले गर्म दूध का सेवन करना फायदेमंद रहता है।

### खांसी की अचूक दवा

आंवला और नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन C पाया जाता है, जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। विटामिन सी से भरपूर यह फल सर्दी-जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। आंवला का रस और नींबू का सेवन शरीर में ऊर्जा भी बढ़ाता है और वायरस के प्रभाव से लड़ने में मदद करता है।

---



## क्या आप भी ज्यादा पानी पी रहे हैं? तुरंत कम कीजिए, वरना शरीर के हर अंग पर होगा असर, मौत तक का खतरा


पानी हमारे लिए बहुत जरूरी है लेकिन ज्यादा पानी जरूरी नहीं है। अगर आप लगातार कई दिनों तक ज्यादा पानी पीते हैं तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं।

शरीर की हर प्रक्रिया के लिए पानी की जरूरत होती है। कोशिकाओं के अंदर भी पानी चाहिए. यही कारण है कि हमारे शरीर का 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पानी से भरा हुआ है। इसलिए, अक्सर डॉक्टर कहते हैं कि पर्याप्त पानी पीना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और इससे शरीर की सारी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलता रहता है। लेकिन, पानी पीने की लिमिट कितनी होनी चाहिए। कहीं, आप जरूरत से ज्यादा तो पानी नहीं पी रहे हैं। अगर आप शरीर की जरूरत से ज्यादा पानी पी रहे हैं तो इसके कई नुकसान भी हो सकता है। यहां जान लीजिए जरूरत से ज्यादा पानी पीने के नुकसान क्या हैं।

### इस तरह के होंगे नुकसान

**किडनी पर बढ़ेगा लोड :** टीओआई की खबर के मुताबिक अगर आप ज्यादा पानी पी रहे हैं तो इससे आप अपनी किडनी पर ओवरलोड दे रहे हैं। हमारी किडनी हमारे शरीर की गंदगी और अतिरिक्त पानी को शरीर से बाहर निकालती है। अगर हम ज्यादा पानी पिएंगे तो हमारी किडनी को इसे बाहर निकालने के लिए ज्यादा काम करने की जरूरत होगी। इससे किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा और लगातार ऐसा होने से किडनी की क्षमता कमजोर होने लगेगी।

**नसें हो जाएंगी कमजोर :** हमारे शरीर में संवेदों को दिमाग तक पहुंचाने और दिमाग के संदेश को शरीर के हर हिस्सों तक पहुंचाने का काम इलेक्ट्रोलाइट्स करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। आप समझ लीजिए कि यह शरीर में बिजली का तार बनाता है। इससे तार के माध्यम से सिग्नल बनता है।



### मौत भी हो सकती

ज्यादा पानी पीने से खून में सोडियम लेवल बुरी तरीके से घट जाएगा। इससे दिमाग में सूजन हो जाएगी. दिमाग में सूजन का पूरे शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। इससे जी मितलाने लगेगा, उल्टी होगी, मिर्गी का दौरा पड़ रह सकता है। बहुत खतरनाक स्थिति में कॉमा या मौत भी हो सकती है।

### हार्ट पर प्रेशर

अगर आप ज्यादा पानी पिएंगे तो इसका असर सिर्फ किडनी पर ही नहीं, बल्कि हार्ट पर भी पड़ेगा। ज्यादा पानी पीने से खून की मात्रा बढ़ जाएगी, क्योंकि खून में ज्यादा पानी भर जाएगा। जब ब्लड का वॉल्यूम बढ़ेगा तो इससे हार्ट पर अतिरिक्त प्रेशर पड़ेगा। इस कारण हार्ट को ज्यादा पंप करना होगा। हार्ट जब ज्यादा तेज गति से चलेगा तो यह रिस्की हो सकता है। इससे हार्ट में कई परेशानियां हो सकती है।

### हाथ-पैरों में सूजन

शरीर में सूजन-अगर आप ज्यादा पानी पिएंगे तो इससे शरीर के कई हिस्सों में पानी भरने लगेगा। इससे हर जगह सूजन होने लगेगी। चेहरे पर पफीनेस आने लगेगा. हाथ और पैर में सूजन होने लगेगी। यहां तक कि उंगलियां भी सूजने लगेगी. इससे अन्य तरह की परेशानी होने लगेगी।

---

कार्नर न्यूज

सभी के लिए मोटापे को एक बड़ा जोखिम कारक माना जाता है

# शादीशुदा लोगों के मोटे होने का खतरा तीन गुना अधिक, क्या है इसकी वजह?

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी ने अध्ययनक के निष्कर्षों के आधार पर बताया कि अविवाहित पुरुषों की तुलना में विवाहित पुरुषों में मोटापे का जोखिम तीन गुना अधिक होता है। विवाह के बाद वजन बढ़ने का क्या कारण हो सकता है? इसे कैसे कंट्रोल किया जा सकता है, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं। आज के समय में कहा जाए कि मोटापा आपके लिए अभिशाप है, तो ये गलत नहीं होगा। जिस तरह से सभी उम्र के लोग इसका शिकार होते जा रहे हैं, ये कई प्रकार की बीमारियों का बोझ भी बढ़ाता जा रहा है। हृदय रोग हो या डायबिटीज, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हों या कैंसर जैसे घातक बीमारी, सभी के लिए मोटापे को एक बड़ा जोखिम कारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को अपने वजन को लेकर गंभीरता दिखाने की जरूरत है, अगर इसे कंट्रोल न किया गया तो आने वाले दशकों में आपके गंभीर बीमारियों की चपेट में आने का खतरा काफी बढ़ जाता है। लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी को बढ़ते वजन के लिए प्रमुख कारक माना जाता रहा है।



### विवाह के बाद बढ़ जाता है मोटापा?

मोटापे की बढ़ती समस्या वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। इसके कारणों को समझने के लिए पोलैंड के विशेषज्ञों ने हाल ही में एक अध्ययन किया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी ने अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर बताया कि अविवाहित पुरुषों की तुलना में विवाहित पुरुषों में मोटापे का जोखिम तीन गुना अधिक हो सकता है। विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि विवाह के बाद पुरुष और महिला दोनों में मोटापे का खतरा बढ़ जाता है, हालांकि महिलाओं में ये दर कम देखी गई है।

### क्या कहती हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

ओबेसिटी हेल्थ अलायंस की निदेशक कैथरीन जेनर कहती हैं, आमतौर पर देखा गया है कि शादी के बाद लोगों का डाइट बढ़ जाता है और इसकी तुलना में शारीरिक गतिविधियों में कमी आ जाती है, जबकि महिलाएं सामाजिक दबाव के कारण शरीर के वजन के बारे में अधिक सचेत रहती हैं। हालांकि, इन कारणों को दोष देने के बजाय, हमें ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो स्वस्थ विकल्पों को आसान बनाती हैं।

### पहले के अध्ययन पर भी उठे सवाल

हालांकि, इसके पहले के एक अध्ययन में कहा गया था कि विवाहित पुरुष अविवाहित पुरुषों की तुलना में अधिक स्वस्थ होते हैं, हालांकि नया अध्ययन पुराने रिपोर्ट्स पर सवाल उठा रही है। पिछले अध्ययनों में कहा गया था कि विवाहित पुरुष स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हैं, जो अक्सर उनके जीवनसाथी से प्रभावित होती है। विवाह के बाद धूम्रपान-शराब की आदत कम हो जाती है, आहार बेहतर हो जाता है। साथ ही चिकित्सा देखभाल भी बढ़ जाती है जिससे स्वास्थ्य में सुधार होता है।



### अध्ययन में क्या पता चला?

मई 2025 में स्पेन के मालागा में 'मोटापा विषय पर यूरोपीय कांग्रेस' में इस अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत किए जाने हैं। पोलैंड में 50 वर्ष की औसत आयु वाले 2,405 लोगों के चिकित्सा डेटा के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने पाया कि शादी होने के बाद पुरुषों में वजन बढ़ने की आशंका 62% और महिलाओं में 39% अधिक हो जाती है। वैसे तो इसमें बढ़ते उम्र की भी एक भूमिका होती है पर और भी कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। शादी के बाद अगले हर वर्ष में पुरुषों में अधिक वजन (ओवरवेट) होने का जोखिम 3% और महिलाओं में 4% बढ़ता देखा गया है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 62 साल के एक्शन हीरो 36 साल की इस हीरोइन को कर रहे डेट!



हॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर टॉम क्रूज और हॉलीवुड एक्ट्रेस एन डी अरमास की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि दोनों करीबियां हैं। हाल ही में दोनों को लंदन में एक बार फिर साथ देखा गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें फिर से तेज हो गई हैं। पहली भी जब टॉम क्रूज और एन डी अरमास को एक साथ देखा गया था, तो फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हो गई थीं। इन लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी करीबियों को सुर्खियों में ला दिया है। टॉम क्रूज अपनी फिल्मों जैसे 'मिशन इम्पॉसिबल' और 'टॉप गन' के लिए मशहूर हैं तो वहीं एन डी अरमास को 'नो टाइम टू डाई' और 'ब्लेड रनर 2049' जैसी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, दोनों को को लंदन की सड़कों पर एक साथ स्पॉट किया गया। दोनों की केमिस्ट्री और हंसी-मजाक करते हुए तस्वीरें वायरल हो रही हैं। मीडिया रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि वे किसी खास प्रोजेक्ट या निजी मुलाकात के लिए वहां मौजूद थे। यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों के बीच रोमांस की चर्चा हुई हो। पहले भी कई मौकों पर उनकी नजदीकियों की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन दोनों ने कभी इस पर खुलकर कुछ नहीं कहा।

### टॉलीवुड

## एल2 से पहले सिनेमाघरों में रिलीज होगा लूसिफर का भाग एक



मलयालम अभिनेता मोहनलाल के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि उनके फैंस एक बार फिर से उनकी सुपरहिट फिल्म लूसिफर को सिनेमाघरों में देख सकेंगे। फिल्म निर्माताओं ने फैसला किया है कि एल2: एम्पुरान की रिलीज से पहले इसका पहला भाग सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। मोहनलाल की फिल्म लूसिफर, जिसे पृथ्वीराज सुकुमारन ने निर्देशित किया था, एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म इसके सीक्वल एल2: एम्पुरान से पहले दोबारा रिलीज की जा रही है। लूसिफर पहली बार 2019 में रिलीज हुई थी और यह फिल्म उस समय सुपरहिट हुई थी। लूसिफर मलयालम सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक है, जो फिर से बड़े पर्दे पर रीलीज होगी। यह एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें मोहनलाल का दमदार किरदार लोगों को बेहद पसंद आया था। लूसिफर को दोबारा 20 मार्च, 2025 को रिलीज होगी ताकि दर्शक सीक्वल एल2: एम्पुरान से पहले इसे फिर से देख सकें। एल2: एम्पुरान 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। मोहनलाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी और ट्रेलर शेयर किया है। एल2: एम्पुरान की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां लूसिफर खत्म हुई थी। बहरहाल, मोहनलाला के फैंस के लिए एक साथ उनकी दो फिल्मों को सिनेमाघरों में देखने का मौका मिलेगा। पहले लूसिफर और फिर लूसिफर 2। मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'एल2: एम्पुरान' 27 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

### भोजपुरी

## महज 11 साल की उम्र में कर डालीं 45 भोजपुरी फिल्म्स



भोजपुरी फिल्में बहुत तेजी से बनती हैं। और, एक बार जो सितारा भोजपुरी फिल्मों के दर्शों को पसंद आ जाए। उसकी फिल्में भी धड़ाधड़ रिलीज होती हैं। बड़े-बड़े सितारों की बात अलग है भोजपुरी फिल्मों के चाइल्ड आर्टिस्ट भी इसी तरह धमाल मचाते हैं। इसकी एक मिसाल बने हैं आर्यन बाबू. जिनकी उम्र बहुत कम है। लेकिन, अभी तक वो कई बड़े भोजपुरी सितारों के साथ स्क्रीन शेयर कर चुके हैं। एक ही साल में उन्होंने अपनी उम्र से चौगुनी से ज्यादा मूवीज कर दी हैं। इंस्टाग्राम पर मेहंदी न्यूज नाम के हैंडल ने आर्यन बाबू का ये वीडियो शेयर किया है। व्हाइट कलर की शर्ट में दिख रहे छोटे से आर्यन बाबू इस वीडियो में बता रहे हैं कि वो अब तक 45 फिल्मों में काम कर चुके हैं। ये आंकड़ा इसलिए बड़ा है, क्योंकि आर्यन बाबू की उम्र है महज 11 साल। इस उम्र में ही आर्यन बाबू इस कदर धमाल मचा चुके हैं। आर्यन बाबू ने पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सितारों के साथ काम किया है। उनकी डेब्यू मूवी ही खेसारी लाल यादव के साथ थी। आर्यन बाबू ने महज नौ साल की उम्र में ही फिल्मों में कदम रख दिया था। इससे पहले वो बिहार के बक्सर जिले में रहते हुए गाना गाने का काम करते थे। पांच साल की उम्र में ही वो गायन के क्षेत्र में एक्टिव हो गए थे और फिल्मों का ऑडिशन देना शुरू कर चुके थे। उन्होंने कई फिल्मों में पवन सिंह, दिनेश लाल यादव, चिंटू पांडे, अरविंद अकेला जैसे स्टार्स के साथ काम किया है। कई फिल्मों में उन्हें बड़े स्टार्स के बचपन का किरदार निभाने का मौका मिला।





सूट इंडियन लेडीज के वॉर्डरोब का एक बहुत जरूरी हिस्सा हैं। डेली वियर के लिए या फिर अगर आप ऑफिस या कॉलेज गोइंग गर्ल हैं, तो कुर्ता सेट से स्टाइलिश और कंफर्टेबल ऑप्शन शायद ही कोई हो। ये देखने में काफी क्लासी भी लगते हैं और अगर इनके साथ ट्रेडिशनल ज्वैलरी जैसे झुमके, चूड़ियां और बिंदी भी कैरी कर लिए जाएं; तो वाकई पूरे लुक में चार चांद लग जाते हैं। अब गर्मियों ने भी दस्तक दे दी है और अपने वॉर्डरोब को समर्स के लिए रेडी करने का टाइम आ गया है। गर्मियों के लिए कॉटन फैब्रिक के कुर्ता सेट एकदम परफेक्ट रहेंगे।

## कहीं आप भी तो गलत तरीके से नहीं लगा रहीं लिपस्टिक? अप्लाई करते समय रखें इन बातों का ध्यान

हर लड़की के लिए लिपस्टिक काफी अहम होती है। चाहे लड़कियां कोई अन्य मेकअप न करें, लेकिन लिपस्टिक लगाना हर लड़की के मेकअप रूटीन का अहम हिस्सा होता है। लिपस्टिक जिस तरह से खूबसूरती को बढ़ा देती है, ठीक उसी तरह से कई बार सही तरीके से लिपस्टिक न लगाने के कारण लुक उतना परफेक्ट नहीं आ पाता जितना हम चाहते हैं।

अगर आप भी अपने होंठों पर परफेक्ट और सेलेब्स जैसा फिनिश चाहती हैं, तो कुछ खास लिपस्टिक हैक्स अपनाकर अपने मेकअप गेम को नेक्स्ट लेवल पर ले जा सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आइए जानते हैं वे आसान और कारगर टिप्स जो आपके होंठों को देंगे खूबसूरत और अट्रैक्टिव लुक।



### होंठों को करें तैयार

यदि आप चाहती हैं कि आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहे तो लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर स्क्रब करें ताकि डेड स्किन हट जाए और होंठ स्मूद दिखें। इसके लिए शुगर और शहद का स्क्रब इस्तेमाल कर सकती हैं।

### लगाएं लिप बाम

स्क्रब करने के बाद कभी भी अपने होंठों को ऐसे ही न छोड़ें। हमेशा स्क्रब करने के बाद अच्छी क्वालिटी का लिप बाम इस्तेमाल करें। यदि लिप बाम नहीं है तो स्क्रब के बाद नारियल तेल लगाएं ताकि वे हाइड्रेटेड रहें और लिपस्टिक लंबे समय तक टिके।

### लिप लाइनर है बेहद जरूरी

लिपस्टिक लगाने से पहले कभी भी लिप लाइनर का इस्तेमाल करना न भूलें। ये होंठों को परफेक्ट शेप देने के साथ-साथ लिपस्टिक को फैलने से भी रोकता है। इसके लिए हमेशा न्यूड या मैचिंग शेड का लाइनर चुनें। ध्यान रखें कि लिप लाइनर ज्यादा बोल्ड न रखें।

### ब्रश की मदद लें

सीधे लिपस्टिक लगाने के बजाय लिप ब्रश की मदद से लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे लिपस्टिक ज्यादा परफेक्ट लगती है। ब्रश का इस्तेमाल करने से लिपस्टिक लेयर्ड होती है और ज्यादा समय तक टिकती है।

### लिपस्टिक लगाने के बाद ब्लॉट करें

लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए ब्लॉटिंग टेक्निक अपनाएं। लिपस्टिक लगाने के बाद टिशू पेपर को होंठों के बीच में दबाएं। फिर हल्की सी ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं और दोबारा लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे आपकी लिपस्टिक स्मज-प्रूफ और ट्रांसफर-प्रूफ हो जाएगी।

## बोरिंग पैंट-पलाजो को दे फैशनबल लुक, ट्राई करें ये लेटेस्ट डिजाइन




फैशन की दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहा है, और अब रोजमर्रा के कपड़ों में भी कुछ नया और स्टाइलिश जोड़ने का ट्रेंड बन चुका है। अगर आप भी अपने सिंपल पैंट या प्लाजो को खास और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो गोटा वर्क इसका बेस्ट सॉल्यूशन हो सकता है। पहले गोटा वर्क सिर्फ पारंपरिक पहनावे तक सीमित था, लेकिन अब यह मॉडर्न फैशन में भी अपनी जगह बना चुका है।

गोटा पट्टी या गोटा वर्क एक खास प्रकार की चमकदार किनारी होती है, जिसे कपड़ों पर सजाकर उन्हें आकर्षक बनाया जाता है। यह वर्क न सिर्फ पारंपरिक, बल्कि कैजुअल और फ्यूजन स्टाइल के कपड़ों में भी बेहद खूबसूरत लगता है। सिंपल पैंट या प्लाजो में गोटा वर्क लगाने से वे न केवल स्टाइलिश दिखते हैं, बल्कि फैशन की दुनिया में अलग पहचान भी बनाते हैं।अगर आप भी अपने बॉटम वियर को नया लुक देना चाहती हैं, तो चलिए आपको कुछ शानदार डिजाइनों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आप अपने लिए ट्राई कर सकती हैं।

**गोटा से बनाएं वी-पैटर्न डिजाइन :** गोटे की मदद से किसी भी प्लेन फैब्रिक को डिजाइनर लुक दिया जा सकता है। कुर्ते के साथ मैच करते हुए किसी भी लेस या गोटे को पायजामे के किनारों पर V-शेप में स्टिच करवाएं. यह स्टाइलिश और यूनिक लुक देगा, जो हर तरह के आउटफिट के साथ शानदार लगेगा।

**बॉटम वियर डिजाइन :** अक्सर कुर्तों के साथ पहने जाने वाले बॉटम वियर प्लेन होते हैं, जिन्हें अधिकांश लड़कियां आसानी से बनवा लेती हैं। लेकिन अब साधारण बॉटम वियर फैशन में खास नहीं रहे। अगर आप अपने बॉटम वियर को ट्रेंडी और फैशनेबल बनाना चाहती हैं, तो गोटा वर्क और लेस की मदद से इसे नया लुक दे सकती हैं। बस अपनी पसंद के कपड़े के साथ मैचिंग गोटा या लेस चुनें और इसे डिजाइन के अनुसार स्टिच करवा लें। इस तरह, एक सिंपल प्लाजो भी बेहद आकर्षक और ट्रेंडी नजर आएगा।

**कैसे करें स्टिचिंग :** गोटा और लेस को स्टिच करवाने के लिए आपको किसी अच्छे दर्जी या डिजाइनर से कॉन्टैक्ट करना चाहिए। पैंट और प्लाजो के नीचे गोटा या लेस की स्टिचिंग से आपको एक नया और आकर्षक लुक मिलेगा। आप इसे सिल्वर, गोल्डन या किसी रंगीन गोटा के साथ कस्टमाइज भी कर सकती हैं, जिससे यह और भी खूबसूरत लगेगा।

## सर्दी खत्म होने के बाद भी नहीं जा रही सिर पर जमा रूसी तो ये नुस्खे आजमाकर देख लें

रूसी सिर की त्वचा पर जमे हुए सूखे स्किन सेल्स के कारण होती है, जो बालों को बेजान और कमजोर बना सकती है। अगर आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं, तो कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर इसे जड़ से खत्म कर सकते हैं।

सर्दियों में रूसी की समस्या आम होती है, लेकिन अगर मौसम बदलने के बाद भी सिर पर जमी रूसी बनी हुई है, तो यह परेशानी का कारण बन सकती है। दरअसल, बदलते मौसम में भी लोग रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। रूसी से बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं और सिर में खुजली भी होने लगती है। अगर आप इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो इन घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं। यहां हम इसको लेकर कुछ आसान नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपको अवश्य राहत मिलेंगी।



### नींबू और नारियल तेल

नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड रूसी को खत्म करने में मदद करता है, वहीं नारियल तेल बालों को पोषण देता है। इसके इस्तेमाल के लिए 2 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। हल्के हाथों से सिर की मालिश करें और 30 मिनट बाद शैंपू कर लें। हफ्ते में दो बार इसे इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो रूसी को जड़ से खत्म करने में मदद करते हैं। ताजा एलोवेरा जेल निकालकर सिर की त्वचा पर लगाएं। 20-30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें। हफ्ते में तीन बार इसे आजमाएं।

### दही और मेथी का पेस्ट

दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्कैल्प को साफ करता है, जबकि मेथी रूसी हटाने में मदद करती है। इसके इस्तेमाल के लिए रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर दही में मिलाएं। इस पेस्ट को स्कैल्प पर लगाएं और 40 मिनट बाद धो लें।

## ईद पर चाहिए दमकती त्वचा तो फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन, चांद सा मिलेगा निखार

रमजान के महीने के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है, जो खुशियों, उमंग और नए कपड़ों के साथ खूबसूरती का त्योहार भी होता है। इस खास मौके पर हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा दमकती और निखरी हुई दिखे। अगर आप भी चाहती हैं कि आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग दिखे, तो आपको अपनी स्किन केयर रूटीन पर ध्यान देना होगा। सही देखभाल से आप न सिर्फ अपनी त्वचा को बेहतर बना सकती हैं, बल्कि उसे लंबे समय तक स्वस्थ भी रख सकते हैं। यहां हम आपको एक आसान और असरदार स्किन केयर रूटीन बता रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप इस ईद पर चमकती-दमकती त्वचा पा सकती हैं।



### क्लींजिंग है जरूरी

दिन में दो बार चेहरे को अच्छी तरह से साफ करना जरूरी होता है। इसके लिए रोज सुबह और रात को सोने से पहले माइल्ड फेस वॉश या क्लींजर का उपयोग करें। इससे सही इस्तेमाल से चेहरे से धूल, गंदगी और एक्स्ट्रा ऑयल निकल जाती है और स्किन फ्रेश महसूस करती है। अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो आप दूध और गुलाब जल से भी क्लीनिंग कर सकते हैं।

### एक्सफोलिएट अवश्य करें

त्वचा को एक्सफोलिएट करना जरूरी होता है, लेकिन ध्यान रखें कि यदि आप ज्यादा त्वचा एक्सफोलिएट करेंगे तो इससे भी आपको परेशानी हो सकती है। डेड स्किन सेल्स हटाने के लिए हफ्ते में 2-3 बार एक्सफोलिएशन करना बेहद जरूरी है। हल्के स्क्रब का उपयोग करने से त्वचा की ऊपरी परत साफ होती है और अंदर से नेचुरल ग्लो बाहर आता है।

### टोनर इस्तेमाल करें

जब भी त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं तो उसके बाद टोनर का इस्तेमाल करना भी जरूरी है, क्योंकि इससे स्किन के पोर्स टाइट होते हैं और स्किन फ्रेश बनी रहती है। गुलाब जल सबसे अच्छा नेचुरल टोनर है, जो आपकी त्वचा को हाइड्रेट और सॉफ्ट बनाए रखता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप नींबू और खीरे के रस का टोनर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

**अक्सर लोग मेकअप की शुरुआत में ही सबसे पहले फाउंडेशन अपने चेहरे पर थोप लेते हैं**

## मेकअप के नाम पर सीधे फाउंडेशन तो नहीं थोपतीं आप? बेस से पहले जरूरी हैं ये 5 चीजें

*फाउंडेशन लगाने से पहले मेकअप के कुछ महत्वपूर्ण स्टेप्स होते हैं, जो आपकी स्कनि को मेकअप के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। पर अक्सर अंजाने में हम इन स्टेप्स को इग्नोर कर देते हैं। जब भी हम मेकअप करते हैं, तो उम्मीद होती है कि आलिया भट्ट या कृति सेनन जैसी हीरोइनों जैसा ही बिल्कुल नेचुरल लुकिंग मेकअप हम कर पाएं। लेकिन, कई बाद मेकअप की सही समझ न होने की वजह से अक्सर लोग मेकअप की शुरुआत में ही सबसे पहले फाउंडेशन अपने चेहरे पर थोप लेते हैं।*



### स्टेप 1: फेस क्लीनिंग

सबसे पहले अपने चेहरे को एक माइल्ड फेस वॉश से धो लें। इससे त्वचा से धूल-मिट्टी, तेल और पुराने मेकअप के अवशेष निकल जाते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो ऑयल-फ्री फेस वॉश का उपयोग करें। अगर आपकी स्कनि काफी थकी या डल लगे तो आप एक्सफोलिएशन यानी स्क्रब कर सकती हैं। हालांकि ये ऑप्शनल है। इससे त्वचा स्मूद और ग्लोइंग बनती है, जिससे फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड होता है।

### स्टेप 2: टोनर लगाएं

स्किन के क्लींज और साफ करने के बाद सीधे मॉइश्चराइजर लगाने के बजाए आपको टोनर लगाना चाहिए। टोनर लगाने से त्वचा का पीएस बैलेंस सही रहता है और पोर्स टाइट होते हैं। ऑयली स्किन वालों के लिए विच हेज़ल या ग्रीन टी बेस्ड टोनर अच्छा रहेगा। जबकि ड्राई स्किन होने पर आपको हाइड्रेटिंग टोनर इस्तेमाल करना चाहिए।

### स्टेप 3: मॉइस्चराइजर

अगर आप एक्ट्रेसेस जैसे स्मूद और नेचुरल मेकअप चाहते हैं तो आपको मेकअप से पहले स्किन प्रैप अच्छे से करना चाहिए। मेकअप में फाउंडेशन के स्टेज तक पहुंचने से पहले सबसे जरूरी स्टेप है मॉइश्चराइजिंग, क्योंकि मॉइस्चराइजर मेकअप को स्मूद बेस देने में मदद करता है। ऑयली स्किन के लिए जेल-बेस्ड या ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर चुनें। वहीं, ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग या क्रीम-बेस्ड मॉइस्चराइजर सही रहेगा. सेंसस्टिव स्किन के लिए फ्रेगरेंस-फ्री मॉइस्चराइजर चुनें। साथ ही अगर आप दिन में मेकअप लगा रहे हैं तो त्वचा पर एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं।

### स्टेप 4: प्राइमर लगाएं

अक्सर लोग इस जरूरी स्टैप को मिस कर देते हैं, पर अच्छे मेकअप की शुरुआत प्राइमर से होती है। प्राइमर लगाने से मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। यह त्वचा को स्मूद और पोरलेस लुक देता है। ऑयली स्किन के लिए मैटिफाइंग प्राइमर और ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर चुनें. पोर ब्लरिंग प्राइमर से ओपन पोर्स को कम किया जा सकता है।

### स्टेप 5: करेक्टर लगाएं

ये एक ऑप्शनल पर जरूरी स्टेप है। डार्क सर्कल, रेडनेस या दाग-धब्बे छुपाने के लिए कलर करेक्टर का उपयोग जरूर करें।